डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 26.05.2025 से 01.06.2025 ▶ वर्ष-42 ▶ अंक-22 ▶ मूल्य ₹ 10.00

### प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 103 अमृत स्टेशनों का लोकार्पण किया, इनमें मध्यप्रदेश के 6 स्टेशन शामिल

# 1300 से अधिक रेलवे स्टेशन बनेंगे अमृत भारत स्टेशन - प्रधानमंत्री



- विकास के महायज्ञ से विकसित भारत का संकल्प मजबूत हो रहा है।
- यात्री ही रेलवे स्टेशनों के मालिक हैं।
- अमृत स्टेशन देश के विकास का प्रवेश द्वार सिद्ध होंगे।
- अब आधुनिक रेल कोच भी मध्यप्रदेश में बनाए जाएंगे।
- अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे सभी स्टेशन।



*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बीकानेर, राजस्थान से देश के 103 अमृत स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए, इनमें मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम, कटनी, ओरछा, सिवनी, शाजापुर और श्रीधाम स्टेशन भी शामिल हैं*

**बीकानेर,** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर में विकास का महायज्ञ चल रहा है, हमारी सड़कें और रेलवे नेटवर्क विकसित हों, इसके लिए पिछले 11 सालों में अभूतपूर्व काम हुआ है। विकसित भारत का संकल्प और मजबूत हो रहा है। विकास कार्यों पर देश पहले से 6 गुना ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है। भारत में विकास कार्यों को देखकर दुनिया हैरान है।

इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के 103 अमृत स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसमें मध्यप्रदेश के छः नर्मदापुरम, कटनी, ओरछा, सिवनी, शाजापुर और श्रीधाम अमृत स्टेशनों का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन से उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के छः अमृत स्टेशनों का उद्घाटन हुआ।

### सोलर निर्माण की यूनिट स्थापित होगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भविष्य में नर्मदापुरम, बुधनी, इटारसी, सोहागपुर को भी महानगरों के रूप में विकसित किया जाना है। राज्य सरकार ने नर्मदापुरम जिले में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया। यहां सोलर उपकरण निर्माण की यूनिट स्थापित होगी।

राज्य सरकार उद्योग स्थापित करने के साथ विरासत के संरक्षण और पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। पचमढ़ी को भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। नर्मदापुरम में औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ पर्यटन भी बढ़ेगा।

### तेजी से बदल रहा है भारत - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया का अग्रणी देश बनाने का संकल्प लिया है, बदलते दौर में उनके नेतृत्व में भारत तेजी से बदल रहा है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच की बदौलत भारतीय रेल को नया स्वरूप मिला है। भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। देशभर में नई रेलवे लाइन बिछाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देशभर में हजारों किलोमीटर लंबे ट्रैक को 3 और 4 लेन रेलवे लाइन बनाया गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने बीईएमएल को रेल कोच निर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए जमीन उपलब्ध कराई है, अब मध्यप्रदेश में आधुनिक रेल कोच भी बनाए जाएंगे। यह रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई रकबा बढ़ाने के लिए तीन अलग-अलग नदी परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

### 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से हुए विकसित

इन स्टेशनों में भारतीय संस्कृति, विरासत और यात्री सुविधाओं का समावेश किया गया है। यह सभी स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत भारत के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित 103 अमृत स्टेशनों को 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

## /संक्षिप्त खबर/

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नक्सल-मुक्त भारत के संकल्प की सिद्धि में ऐतिहासिक उपलब्धि

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश में मार्च, 2026 तक नक्सलवाद नष्ट करने के अभियान अंतर्गत छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में सुरक्षा बलों द्वारा 27 खूंखार नक्सलियों को मार गिराने में सफलता मिली। 'नक्सल-मुक्त भारत' के संकल्प की सिद्धि में यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि नक्सलवाद, मानवता के कलंक और राष्ट्र की प्रगति में अवरोधक है। देश के विकास और नागरिकों की समृद्धि के लिए इस विचारधारा का नाश आवश्यक है। प्रदेश सरकार भी प्रदेश में नक्सलियों को जड़ से खत्म करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ क्रियाशील है।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## वर्तमान और भावी पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना है आवश्यक- मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में नर्मदापुरम मार्ग पर समरधा में निर्मित होने वाले भोज-नर्मदा द्वार के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना और उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को जानने का सजीव अवसर प्रदान करना आवश्यक है।

प्रदेश के नगरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर महापुरुषों की स्मृति में बन रहे सांस्कृतिक द्वार इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। राजा भोज सहित अन्य महापुरुषों के गौरवशाली इतिहास को पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भोपाल नगर निगम द्वारा नीमच में स्थापित 10 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का वर्चुअल लोकार्पण भी किया।

### इतिहास को मिलेगी अभिव्यक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल प्रदेश की राजधानी है। यहां प्रदेश के विभिन्न अंचलों की संस्कृति और इतिहास को अभिव्यक्ति प्रदान की जाएगी। भोपाल के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर निर्मित होने वाले 9 द्वारों पर माँ नर्मदा के तट पर विद्यमान प्रमुख तीर्थों सहित सभी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संदर्भ उकेरे जाएंगे।

## देवी अहिल्याबाई द्वारा अन्य राज्यों में निर्मित मंदिरों का संरक्षण स्थानीय सरकारों के समन्वय से सुनिश्चित करें

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने सुशासन, क्षेत्रीय विकास और न्याय प्रबंधन के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किए। उनके द्वारा जनसामान्य के कल्याण और महिलाओं के स्वावलम्बन के लिए किए गए कार्य अनुकरणीय हैं।

लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर ने देश भर में धर्म और संस्कृति के उत्थान के कार्यों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दिशा में कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के अवदान पर अध्ययन और शोध को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न राज्यों में देवी अहिल्या द्वारा निर्मित मंदिरों, पूजा घरों, धर्मशालाओं और अन्य सामुदायिक उपयोग की संरचनाओं के रख-रखाव के लिए संबंधित राज्य सरकारों से समन्वय कर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। देवी अहिल्या द्वारा निर्मित देव स्थानों में धार्मिक स्वरूप की गतिविधियों के निरंतर आयोजन के लिए भी व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के महाराष्ट्र स्थित मूल गांव चौंडी में विशेष दल भेजकर आवश्यक जानकारियों का एकत्रीकरण कराया जाए।

## प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय एक लाख 60 हजार रुपये से बढ़ाकर 22 लाख रुपये करने के होंगे प्रयास

**इंदौर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष पर राजवाड़ा इंदौर में विकसित मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र पर मंत्रिपरिषद ने मंथन किया।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई के आदर्शों और मूल्यों अनुरूप विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लक्ष्यों और प्रक्रिया पर सदस्यों की विस्तृत चर्चा हुई। वर्ष 2047 तक प्रदेश का समेकित विकास करते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 15.03 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 250 लाख करोड़ रुपये (2 ट्रिलियन डॉलर) करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को एक लाख 60 हजार रुपये से बढ़ाकर 22 लाख रुपये करने का भी लक्ष्य रखा गया है। अपर मुख्य सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि दृष्टि पत्र में वर्ष 2047 में एक समृद्ध मध्यप्रदेश की परिकल्पना की गई है,



जो सभी के प्रयासों से संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश की नींव पर निर्मित होगा। वर्ष 2047 का मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के अनुसरण से निर्मित होगा।

### शत-प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य

मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र अनुसार वर्तमान में राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। सकल घरेलू उत्पाद में कृषि 43 प्रतिशत, सेवाएं 36 और उद्योग 21 प्रतिशत योगदान देते हैं। वर्ष@2047 तक उद्योगों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देकर, रोजगार के अवसर सृजित कर अर्थव्यवस्था को संतुलित करते हुए जीडीपी में कृषि का योगदान 24-28 प्रतिशत, उद्योग का योगदान 21-25 प्रतिशत और सेवाओं का योगदान 49-53 प्रतिशत तक लाने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही साक्षरता दर को 75.2 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष@ 2047 तक 100 प्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा।




## 17 मई

### छत्तीसगढ़ के नक्सल हिंसा प्रभावित गांवों में पहली बार पहुंची बिजली

● छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दूर-दराज के 17 नक्सल



प्रभावित गांवों में पहली बार बिजली पहुंची। ये गांव पहाड़ों और घने जंगलों के बीच बसे हैं, जहां पहुंचना बहुत कठिन है। अब इन गांवों को बिजली की ग्रिड से जोड़ा दिया गया है। इससे करीब 540 परिवारों को लाभ मिलेगा। अब तक 275 घरों में बिजली कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। बाकी घरों में भी जल्द बिजली पहुंचाने का काम जारी है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला रायपुर से करीब 150 किलोमीटर दूर है। यह नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की सीमा से सटा हुआ है।

● यूक्रेन और रूस ने तीन वर्ष में पहली बार सीधी शांति वार्ता की। इस वार्ता में रूस और यूक्रेन ने 1000-1000 युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई, लेकिन इसके अलावा कोई प्रगति नहीं हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दबाव में हुई इस वार्ता में यूक्रेन ने 30 दिन के युद्धविराम की मांग की, जिसे मॉस्को ने ठुकरा दिया। रूस के प्रतिनिधि व्लादिमीर मेडिंस्की ने वार्ता को संतोषजनक बताया, जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस की गंभीरता पर सवाल उठाए।

## 18 मई

### 7.65 करोड़ हुए अटल पेंशन योजना के सदस्य

● देश के असंगठित क्षेत्र की रिटायरमेंट सेविंग्स स्कीम अटल पेंशन योजना ने बड़ा




मुकाम हासिल किया है। अप्रैल 2025 तक इसके सदस्यों की संख्या बढ़कर 7.65 करोड़ हो गई है। जबकि फंड बढ़कर रिकॉर्ड 45,974.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इस योजना में महिलाओं की भागीदारी में भी लगातार वृद्धि देखी गई है। अब कुल ग्राहक आधार में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 48 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि यह योजना व्यक्ति की उम्र और मासिक योगदान राशि के आधार पर निश्चित पेंशन लाभ की पेशकश करती है।

● राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एनआईए ने गुरदासपुर, बटाला, अमृतसर और कपूरथला में दिसंबर 2024 के ग्रेनेड हमले से जुड़े मामले में छापे डाले। 15 ठिकानों पर हुई छापेमारी में जांच एजेंसी को डिजिटल डिवाइस और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। ये ठिकाने अमेरिका में छिपे बीकेआई आतंकी और गैंगस्टर हरप्रीत सिंह और उसके सहयोगियों जैसे शमशेर सिंह शेरा से जुड़े थे।

## 19 मई

### कोविड-19 का नया वैरिएंट आया सामने

● दक्षिण-पूर्व एशिया के कई देशों में कोविड-19 के केस दोबारा बढ़ रहे हैं और कुछ नए वैरिएंट भी सामने आए हैं। LF.7 और NB1.8 नाम के वेरिएंट के मामले कई जगहों पर बढ़ रहे हैं। सिंगापुर अभी हाई अलर्ट पर है। इसके साथ ही सिंगापुर में साप्ताहिक कोविड मामलों की संख्या बढ़कर 14,200 हो गई है। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में करीबन 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। यहां फिलहाल सबसे ज्यादा 'LF.7' और 'NB.1.8', वेरिएंट पाए जा रहे हैं। यह दोनों ही JN.1 परिवार से जुड़े हुए हैं। थाईलैंड में अप्रैल में सॉन्गक्रान फेस्टिवल के बाद कोविड मामलों में अचानक उछाल आया है। हॉन्गकॉन्ग में मार्च में जहां रेस्पिरेटरी सैंपल्स में पॉजिटिविटी रेट 1.7 प्रतिशत था वो अब बढ़कर 11.4 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। अब तक 81 कोविड संक्रमण और 30 मौतें दर्ज की गई हैं। इनमें ज्यादातर बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग शामिल हैं। चीन में भी हाल के हफ्तों में कोविड मामलों की संख्या दोगुनी हो गई है।

## 20 मई

### सऊदी अरब में शुरू हुआ पहला एआई डॉक्टर क्लीनिक

● चीन के शंघाई स्थित स्टार्टअप 'सिनी एआई' ने सऊदी अरब के अल-अहसा क्षेत्र में विश्व का पहला एआई क्लिनिक खोला। यहां मरीजों का इलाज एक वर्चुअल एआई डॉक्टर करता है। यह क्लिनिक अलमूसा हेल्थ ग्रुप के साथ मिलकर शुरू किया गया है। यह अभी ट्रायल स्तर पर चल रहा है। एआई क्लिनिक में आने वाले मरीज पहले एक टैबलेट पर मौजूद 'डॉ. हुआ' नाम के एआई डॉक्टर को अपने लक्षण बताते हैं। यह एआई मरीज से कुछ सवाल पूछता है, फिर मानव सहायक ईसीजी और एक्स-रे जैसे टेस्ट कर एआई को डेटा देते हैं। इसके बाद एआई इलाज की योजना बनाता है, जिसे एक मानव डॉक्टर बिना मरीज को देखे अंतिम रूप देता है। आपात स्थिति में इंसानी डॉक्टर भी वहां मौजूद रहते हैं। डॉ. हुआ अभी केवल सांस संबंधी बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह करीब 30 बीमारियों का निदान कर सकता है। कंपनी इसका विस्तार कर अगले एक साल में पेट और त्वचा की बीमारियों को भी शामिल करने की योजना बना रही है।

● केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र में पायलट परियोजना शुरू की। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के तहत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज होने वाली 10 लाख रुपये से अधिक के साइबर अपराध की शिकायत ऑटोमैटिक एफआईआर में बदल जाऐंगी। नया सिस्टम जांच में तेजी लाएगा और इससे साइबर अपराधियों पर सख्ती हो सकेगी। जल्द ही इसका विस्तार पूरे देश में किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार साइबर सुरक्षित भारत बनाने के लिए साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत कर रही है।

● केंद्र सरकार विदेशी प्रमोटरों वाली कंपनियों के लिए सख्त नियम बनाने की योजना बना रही है। इससे ई-कॉमर्स से लेकर दवा कंपनियों तक के बिजनेस प्रभावित हो सकते हैं। ये बदलाव भारत में चल रही विदेशी स्वामित्व वाली कंपनियों के प्रति नजरिये को नए सिरे से परिभाषित करेंगे, चाहे वे प्रत्यक्ष हों या परोक्ष। शेयर ट्रांसफर या रीस्ट्रक्चरिंग के मामले में उन्हें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से जुड़े नियमों के अधीन लाया जाएगा।

## 21 मई

### गुजरात में पांच वर्षों में शेर बढ़कर 891 हुए

● गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या में पांच वर्षों में वृद्धि दर्ज की गई है। हालिया



गणना के नतीजे जारी किए गए हैं। इसके अनुसार, अब गुजरात में शेरों की संख्या 891 हो गई है, जो वर्ष 2020 में 674 थी। पांच वर्ष में 217 शेरों की वृद्धि हुई है। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि अब शेर सिर्फ गिर के जंगलों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे सौराष्ट्र क्षेत्र के 11 जिलों में फैले हुए हैं। इनमें जंगलों के अलावा तटीय और गैर-जंगल इलाके भी शामिल हैं।

● चीन अंतरिक्ष में सुपरकम्प्यूटर बनाने के लिए एआई सैटेलाइट्स लॉन्च कर रहा है। अब तक 12 सैटेलाइट भेज दिए गए हैं। प्रत्येक सैटेलाइट में इंटेलिजेंट कम्प्यूटिंग सिस्टम और हाई-स्पीड लेजर कम्युनिकेशन लिंक लगे हैं। इससे वे सीधे अंतरिक्ष में ही डेटा प्रोसेस कर सकते हैं। अभी सैटेलाइट सारे डेटा धरती पर भेजते थे। इसके बाद इसकी प्रोसेसिंग होती थी।

## 22 मई

### आतंकवाद के खिलाफ यूएई और जापान ने दिया भारत को समर्थन

● संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और जापान ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक



लड़ाई में भारत को अपना समर्थन दिया है। यूएई ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा विश्व एकजुट हो। यूएई के विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष अली राशिद अल-नूमी ने भारतीय सांसद श्री श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद यह बात कही। अल नूमी ने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। भारत की आतंकवाद से लड़ाई में अमीरात हमेशा साथ है। भारत से 33 देशों की राजधानियों के लिए सात प्रतिनिधिमंडल भेजे गए हैं। इनका उद्देश्य पाकिस्तान की आतंकवाद को समर्थन की नीति को दुनिया के सामने लाना है। उधर, भारतीय सांसद श्री संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिला। जापान ने भी आतंकवाद के खिलाफ समर्थन जताया है।

● भारत सरकार ने बांग्लादेश से आने वाले रेडीमेड गारमेंट्स, प्रोसेस्ड फूड और कुछ अन्य उत्पादों के आयात पर बंदरगाह आधारित प्रतिबंध लगा दिए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इन उत्पादों का आयात केवल मुंबई के न्हावा शेवा और कोलकाता के समुद्री बंदरगाहों से ही हो सकेगा। किसी भी 'लैंड पोर्ट' से आयात नहीं होगा।

## 23 मई

### नर्सिंग कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

● मध्यप्रदेश के नर्सिंग संस्थानों में संचालित बीएससी नर्सिंग और जीएनएम कोर्स में दाखिले के लिए पीएनएसटी (प्री-नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट) और जीएनएमटीएसटी (जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी ट्रेनिंग सिलेक्शन टेस्ट) 2025 के लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं, जो दो जून 2025 तक जमा होंगे। परीक्षा का आयोजन 24 जून को किया जाएगा। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) भोपाल द्वारा आयोजित इस परीक्षा के जरिए प्रदेश के शासकीय और निजी नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश मिलेगा।

## कर्मयोगी हैं प्रदेश के कर्मचारी, उनकी कर्तव्यनिष्ठा से ही देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है हमारा प्रदेश - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवींद्र भवन में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अभिनन्दन समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी के जीवन को सुगम बनाने के लिए सुव्यवस्था स्थापित करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। इस मंशा का सफल क्रियान्वयन सरकार के कर्मचारियों पर निर्भर करता है, इस दृष्टि से प्रदेश के कर्मचारी सच्चे कर्मयोगी हैं। कर्मचारियों के परिश्रम और समर्पण से ही जनकल्याण और विकास के पथ पर हमारा प्रदेश अग्रसर है। कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा से जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, देश के अग्रणी राज्य में शामिल हुआ है। प्रदेश के कर्मचारी सरकार और जनता के बीच नल और नील की तरह सेतु बनाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा गत माह लिए गए कर्मचारी हितैषी निर्णयों के लिऐ मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने रवींद्र भवन में उनका अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने कर्मचारी संघ की ओर से कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की मांग स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने केंद्र सरकार का अनुसरण करते हुए प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र के समान करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही 9 वर्षों से लंबित हाउस रेंट अलाउंस की मांग को भी पूरा किया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश में स्थानांतरण नीति का क्रियान्वयन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान का वादा किया था। क्रमबद्ध रूप से सभी समस्याओं का निराकरण किया गया है। रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विशेष अभियान संचालित हैं। पुलिस में सभी पद भरे गए हैं। इसके साथ ही सभी जिलों में पुलिस बैंड की स्वीकृति प्रदान की गई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के छिन्दवाड़ा, धार, रतलाम, राजगढ़ एवं नीमच में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालयीन समय में संपर्क करें

0755-2760006

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम

40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011

फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006

www.mpmadhyam.in

madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

वर्ष 42, अंक 22 26.05.2025 से 01.06.2025

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**

फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# पिछले एक वर्ष में नवाचार से गतिमान हुआ सहकारी आंदोलन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग में नित नये नवाचार किये जा रहे हैं और नवाचार से मध्यप्रदेश सहकारी आंदोलन गतिमान हुआ है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने भोपाल के राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में बताया कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहा। उन्होंने शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिये प्रदेश की सराहना की। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के लिये लगभग हर माह सहकारिता संबंधी आयोजन करने का संकल्प लेकर काम किया जा रहा है। इसमें अधिकारियों-कर्मचारियों के आचरण और व्यवहार की ऑनलाइन ट्रेनिंग करवायी जा रही है। नवाचार और अच्छा कार्य करने वालों को साल के अंत में उत्कृष्ट कर्मी के रूप में सम्मानित भी किया जायेगा। सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिये मध्यप्रदेश की हर पंचायत पर पैक्स स्थापित किये जायेंगे।

नई दिल्ली के इण्डिया हेबिटेड सेंटर में आयोजित 100वें राष्ट्रीय स्कॉच समिट में मध्यप्रदेश के सहकारिता विभाग के राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के फर्टिलाइजर सप्लाई चैन ऑटोमेशन प्रोजेक्ट आईएफएमएस को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के तहत सहकारिता क्षेत्र में कुल 2305 करोड़ रुपये के 19 एमओयू हुए। यह एक क्रांतिकारी पहल है, जब नये सीपीपीपी मॉडल के तहत इतने एमओयू सहकारिता क्षेत्र में हुए।

विभाग की गतिविधियों पर निरन्तर ध्यान दिया जा रहा है। सहकारिता विभाग में 25 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी गयी। अब विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति का एक भी प्रकरण लंबित नहीं है। इसी प्रकार अपेक्स बैंक एवं जिला सहकारी बैंकों में आईबीपीएस से भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। अपेक्स बैंक में 47 अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हुई है और 197 की भर्ती प्रक्रियाधीन है। जिला सहकारी बैंकों में 1099 समिति प्रबंधक और 1568 बैंकिंग सहायक की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की गयी है और 2675 पदों पर भर्ती की अनुमति प्राप्त कर ली गयी है।

मध्यप्रदेश में भारत सरकार से प्राप्त मॉडल बायलॉज सभी पैक्स में लागू कर पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एम-पैक्स की स्थापना की जा रही है। प्रथम चरण में 637 नये एम-पैक्स के गठन की कार्यवाही शुरू है। प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर बैंकिंग सुविधा आमजन को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों की 773 शाखाओं और उनसे संबद्ध 4000 पैक्स संस्थाओं द्वारा लगभग 4800 माइक्रो एटीएम का संचालन किया जा रहा है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में सरल एवं शीघ्र लेन-देन की बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं।

मध्यप्रदेश सरकार किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम कर रही है। बीज संघ को उन्नत स्तर पर पहुँचाने का प्रयास जारी है। बीज संघ द्वारा चीता बीज के नाम से नया ब्रॉण्ड लॉन्च किया जा रहा है। पैक्स के माध्यम से चीता बीज का वितरण किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में मध्यप्रदेश ने भी कैलेण्डर बनाकर सहकारी आंदोलन के माध्यम से लोगों को जोड़ने और पारदर्शिता लाने का काम किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से सेवाओं की पूर्ति पर भी काम किया जा रहा है। गांव की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर 3 शीर्ष स्तर की संस्थाएं बनायी गयी हैं। इससे सहकारी आंदोलन सशक्त हुआ है। भारत सरकार द्वारा देश की सभी सहकारी संस्थाओं की जानकारी राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) पोर्टल पर अपलोड करायी जा रही है। मध्यप्रदेश की सभी सहकारी संस्थाओं की एन्ट्री पोर्टल पर कर दी गयी है।

मध्यप्रदेश, भारत सरकार की सहकारिता की गतिविधियों में लगातार कदम से कदम मिलाकर सहकारिता आंदोलन को गति देने का काम कर रहा है। आने वाले समय में मध्यप्रदेश सहकारिता के कई आयामों में अग्रणी होगा।

# डिजिटल लेनदेन में हुई बढ़ोतरी से भारतीय अर्थव्यवस्था में आया परिवर्तनकारी बदलाव

पिछले कुछ वर्षों में भारत में डिजिटल लेनदेन में अभूतपूर्व बढ़ोतरी देखी गई है। यह बढ़ोतरी नकदी रहित समाज बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति में यूपीआई सबसे आगे है, जिसके माध्यम से 16.73 अरब रुपये का लेनदेन किया गया है। इसके अलावा, तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) और एनईटीसी फास्टैग आदि भी वित्तीय लेनदेन के लिये सुरक्षित प्लेटफॉर्म माने गये हैं। एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) एक ऐसी प्रणाली है, जो एक से अधिक बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लीकेशन में जोड़ती है और कई बैंकिंग सुविधाओं, फंड रूटिंग तथा व्यापारिक भुगतानों को एक ही स्थान से करने की सुविधा उपलब्ध कराती है। इसने न केवल वित्तीय लेनदेन को तीव्र, सुरक्षित और सरल बना दिया है, बल्कि व्यक्तियों, छोटे व्यवसायों तथा व्यापारियों को सशक्त भी बनाया है, जिससे देश नकदी रहित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हुआ है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, यूपीआई ने 16.73 अरब रुपये से अधिक का लेनदेन पूरा करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जिनके माध्यम से 23.25 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है।

वर्ष 2010 में शुरू की गई तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) 24x7 इलेक्ट्रॉनिक धन हस्तांतरण सेवा है, जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों में त्वरित लेनदेन की सुविधा प्रदान करती है। मोबाइल, एटीएम, एसएमएस और इंटरनेट सहित कई चैनलों के माध्यम से लेनदेन को सरल बनाने की यह प्रक्रिया व्यवसायों तथा व्यक्तियों के लिए एक आवश्यक उपकरण बन गयी है। एक अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल भुगतान पद्धति एनईटीसी फास्टैग है, जिसका महत्व काफी बढ़ गया है। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईटीसी) फास्टैग राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल का भुगतान करने का एक निर्बाध, कैशलेस तरीका प्रदान करता है, जिससे वाहनों को टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

**- विकास तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

# लोकमाता अहिल्याबाई स्मृति आयोजन समाज को समृद्ध और संकल्पवान बनाने का संदेश

आदर्श और संकल्पवान समाज के निर्माण के लिये पुरुषार्थ और परिश्रम के साथ पूर्वजों के पुरुषार्थ और महानायकों के व्यक्तित्व से सकारात्मक संदेश समझना भी आवश्यक है। लोकमाता अहिल्याबाई एक ऐसी ही विलक्षण व्यक्तित्व की धनी थीं। मध्यप्रदेश सरकार उनकी स्मृति में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करके एक ओर समाज को कर्मठ जीवन का संदेश दे रही है तो दूसरी ओर उन्हें समर्पित स्किल डेवलपमेंट की योजना आरंभ करके उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने की ओर कदम बढ़ा रही है।

भारत राष्ट्र को विश्व में सबसे समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने अन्य संकल्पों के साथ 'विकास के साथ विरासत' सूत्र भी दिया है। इसके पीछे उनका उद्देश्य भारत के आधुनिक विकास के साथ अपनी गौरवशाली विरासत का स्मरण और इतिहास के गरिमामय आदर्श महानायकों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है। मोदी जी के इस सूत्र के अनुरूप ही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत को सहेजने और आदर्श महानायकों के व्यक्तित्व से समाज को प्रेरित करने का अभियान चलाया है। श्री रामवन गमन पथ, श्री कृष्ण पाथेय, आदि शंकराचार्य स्मृति आयोजन, परशुराम लोक आदि अनेक अभियान आरंभ किये हैं। इसी श्रृंखला में लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम और निर्णय हैं। लोकमाता अहिल्याबाई का अधिकांश जीवन विषमताओं और विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुये बीता। लेकिन वे अपने कर्म कर्तव्य पथ पर न कभी रुकीं न थकीं और न विचलित हुईं। समय बदलता है लेकिन समस्या कभी रुकती नहीं है वे भी नाम बदलकर समाज में बनी रहती हैं। लोकमाता अहिल्याबाई ने जिस प्रकार की परिस्थितियों का सामना किया वैसी परिस्थितियां आज भी देश और समाज के सामने हैं। मध्यप्रदेश सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन प्रसंगों, घटनाओं और उनसे जूझकर आगे बढ़ने के प्रसंगों को आधार बनाकर विभिन्न आयोजन कर रही है। इसके साथ उनको समर्पित कुछ योजनाएं भी आरंभ करने जा रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य अपनी प्रतिभा का विकास और समाज का सशक्तिकरण है। अपने अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार ने अपने मंत्रिमंडल की हाल ही में संपन्न एक बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये। मंत्रिमंडल की जिस बैठक में यह निर्णय लिये गये, वह इंदौर स्थित ऐतिहासिक राजवाड़ा के दरबार हाल में आयोजित की गई थी। इंदौर का यह राजवाड़ा होलकर राज्य की सत्ता का केन्द्र रहा है। इसी दरबार हाल में इंदौर राज्य के अंतिम शासक यशवंतराव होलकर ने 1945 में अपने मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक ली थी। उसके बाद अब मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की यह बैठक उसी स्थान पर संपन्न हुई। यह भी संयोग है कि मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की जो भी बैठकें इंदौर क्षेत्र में संपन्न हुईं उनमें कुछ निर्णय लीक से हटकर अथवा विकास यात्रा में नये आयाम जोड़ने वाले रहे हैं। मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने इसी वर्ष जनवरी में एक निर्णय महेश्वर में लिया था। तब प्रदेश के 19 पवित्र स्थलों में शराब बंदी लागू करने की घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि यदि कोई स्थल धार्मिक अथवा पवित्र है तो उसका वातावरण भी पवित्र होना चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखकर मध्यप्रदेश सरकार ने यह निर्णय महेश्वर में लिया।

लोकमाता अहिल्याबाई की जन्म स्थली तो महाराष्ट्र प्रांत में अहमद नगर जिला अंतर्गत ग्राम चोड़ी रही है। लेकिन उनकी कर्म स्थली मध्यप्रदेश का इंदौर नगर रहा। वे मल्हारराव होलकर की पुत्र वधु के रूप में इंदौर आई थीं। उनके जीवन की हर घटना झकझोरने वाली है लेकिन वे कभी विचलित नहीं हुईं अडिग रहीं। अपितु प्रत्येक घटना से अधिक दृढ़ संकल्पित होकर सामने आईं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी सरकार ने मध्यप्रदेश के समाज जीवन को प्रतिभावान और संकल्पवान बनाने की यात्रा आरंभ की है। मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के गौरव, परंपराओं और महानायकों की स्मृति को सजीव करने के अभियान पर है। इंदौर में राजवाड़ा के दरबार हाल में संपन्न मंत्रीमंडल की यह बैठक भी उसी अभियान का अंग है। मंत्रीमंडल की इस बैठक में टेबल कुर्सी का उपयोग नहीं किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्रीमंडल के सभी सदस्य मालवी पगड़ी पहनकर बैठक में शामिल हुए। यह बैठक टेबिल कुर्सी पर बैठकर नहीं हुई अपितु होलकर राज्य की परंपरा के अनुरूप गादी, तकिये और तख्त पर बैठकर ही संपन्न हुई। इस बैठक में अन्य शासकीय महत्वपूर्ण निर्णयों के अतिरिक्त लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित एक स्किल डेवलपमेंट अभियान आरंभ करने की घोषणा भी हुई। इस योजना के अंतर्गत इच्छुक व्यक्ति को बैंक की ब्याज दर में एक हजार रुपये प्रतिवर्ष की छूट दी जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिये सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वैसे तो यह योजना सभी के लिये है। फिर भी इसमें युवाओं और महिलाओं को अधिक से अधिक जुड़ने के लिये प्रेरित किया जायेगा। यह योजना समाज को आत्मनिर्भर बनाने के लिये है। इंदौर राज्य की समृद्धि का आधार ही रोज़गार की दृष्टि से समाज आत्मनिर्भर होना था। अपने राज्य में समाज को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान लोकमाता अहिल्याबाई ने छेड़ा था। उन्होंने अपने प्रजाजनों को रुचि के अनुरूप कृषि और कुटीर उद्योग से जोड़ा था। युवाओं को कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा। कृषि के लिये भूमि भी आवंटित की। मालवा में कपास की खेती, हथकरघा से तैयार कपड़े ही नहीं महेश्वर का साड़ी उद्योग उन्हीं के दूरदर्शी चिंतन के आधार पर आरंभ हुआ। मध्यकाल में महिलाओं को संपत्ति का आधार देने का आदेश लोकमाता अहिल्याबाई ने जारी किया था। यह सही है कि प्राचीन भारत में महिलाओं का सम्मान सर्वोच्च था और उन्हें संपत्ति का अधिकार भी था। लेकिन सल्तनतकाल में महिलाओं के सभी अधिकार समाप्त कर दिये गये थे। उनका जीवन पराश्रित हो गया था। लेकिन लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने राज्य में महिलाओं को संपत्ति के अधिकार दिये और उन्हें साड़ी निर्माण के उद्योग से भी जोड़ा। लोकमाता अहिल्याबाई की स्मृति में आरंभ किये जा रहे इस स्किल डेवलपमेंट अभियान का मूल उद्देश्य उन्हीं की तर्ज पर युवाओं और महिलाओं को रोज़गार की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना है।

### समाज निर्माण का अनूठा संदेश

इन दिनों पूरे मध्यप्रदेश में लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किये जा रहे हैं। इनमें वैचारिक संगोष्ठियां, एकांकी नाटक, कवि सम्मेलन, कविता पाठ और उनके व्यक्तित्व से संबंधित विभिन्न विमर्श किये जा रहे हैं। इनके माध्यम से व्यक्तित्व, परिवार समन्वय, समाज निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण के वे सूत्र समाज के सामने लाये जा रहे हैं जिनके कारण महारानी अहिल्याबाई का स्थान लोकमाता के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण के लिये जितना आवश्यक शिक्षण-प्रशिक्षण होता है उतना ही आवश्यक महापुरुषों का व्यक्तित्व होता है जिनसे प्रेरणा लेकर व्यक्ति आगे बढ़ता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी सरकार का उद्देश्य अहिल्याबाई के व्यक्तित्व के माध्यम से समाज को उन मानवीय आदर्शों से अवगत कराना है जिनसे भारत विश्वभर में प्रतिष्ठित रहा है। संसार में प्रत्येक व्यक्ति अपनी विशिष्टता के साथ आता है। इनमें कुछ अपनी प्रकृति प्रदत्त क्षमता, प्रतिभा और प्रज्ञा का विकास कर संसार में अपना अलग स्थान बनाते हैं। लोकमाता अहिल्याबाई ऐसी ही अद्वितीय और कर्मठ व्यक्तित्व की धनी थीं। कोई कल्पना कर सकता है कि एक अति सामान्य परिवार में जन्मीं बेटी जो अपनी प्रतिभा से राजवधू बनीं। फिर अपने कृतित्व से महारानी और अपने कर्मठ जीवन एवं दूरदर्शी समाजव्यापी निर्णयों से लोकमाता संबोधन से सम्मानित हुईं। पति, पुत्र, पुत्री, दामाद एवं अपने अन्य प्रियजनों को खोकर भी वे विचलित नहीं हुईं। तीन बार युद्ध की स्थिति बनी। इस परिस्थिति में भी उनका धैर्य और कौशल स्थिर रहा। वे हर विषमता से उबरीं और अधिक सुदृढ़ होकर। महारानी होने के बाद भी उनका व्यक्तिगत जीवन अति सामान्य था। वे कोई आभूषण नहीं पहनती थीं। बहुत सादा और एक समय भोजन करती थीं। अपने ही राज्य में हथकरघा से बनी सादी साड़ी पहनती थीं। इससे जो बचत हुई उसका उपयोग भारतभर में विध्वंस हुये मानबिन्दुओं के पुनर्निर्माण में व्यय किया गया। इनमें न क्षेत्र का भेद और न देवता के स्वरूप का। मथुरा, काशी, गया, द्वारिका और अयोध्या ही नहीं नेपाल के काठमांडू से लेकर रामेश्वरम तक, गुजरात के सोमनाथ मंदिर से लेकर हिंगलाज माता मंदिर तक सभी मंदिरों और मानबिन्दुओं का पुनर्निर्माण कराया। उनके निर्णयों में दूसरी विशेषता यह थी कि वे किसी भी प्रकार के भेदभाव से मुक्त थीं। न रंग का भेद न जन्म अथवा जाति का। वे संपूर्ण भारतीय समाज को एक परिवार मानती थीं। वे व्यक्ति की योग्यता और प्रतिभा को देखकर प्रोत्साहित करती थीं।

इस वर्ष 31 मई लोकमाता अहिल्याबाई का तीन सौवाँ जन्म दिवस है। उनकी स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों और समारोहों का आयोजन मध्यप्रदेश सरकार ने भी किया और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने। ऐसे आयोजन लगभग पूरे वर्ष हुये। आयोजनों का समापन भले किसी भव्य समारोह में हो लेकिन आवश्यकता समाज की जागरूकता की है। लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन का एक एक प्रसंग आज भी सामयिक है। सरकार और सामाजिक संगठनों की भूमिका भले पूरी हो जाये लेकिन समाज विशेषकर युवाओं और महिलाओं को अपनी प्रतिभा के विकास एवं आत्मनिर्भर बनने के लिये ऐसे आयोजनों से मिला संदेश अपने जीवन में ढालना है। तभी वे सशक्त होंगे और यदि समाज सशक्त होगा तो मध्यप्रदेश देश के विकसित प्रांतों में अग्रणी हो सकेगा।

**- रमेश शर्मा**

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# भारतीय वायुसेना / INDIAN AIR FORCE

## भारतीय वायुसेना में ग्रुप 'सी' सिविलियन पदों की सीधी भर्ती

### (विज्ञापन संख्या - 01/2025)

नीचे उल्लिखित विभिन्न वायु सेना स्टेशनों/यूनिटों में निम्नलिखित ग्रुप 'सी' सिविलियन पदों की भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पात्र उम्मीदवार अपना आवेदन संबंधित स्टेशनों/यूनिटों को भेज सकते हैं. पदों का विवरण नीचे दिया गया है:-

**पूर्वी वायु कमान, भारतीय वायुसेना**

| क्रम सं. | डाक पता पद | पद | कुल रिक्तियों की संख्या | वह श्रेणी जिसके लिए पद निर्धारित किया जाना चाहिए | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | यूआर | ओबीसी | एससी | एसटी | ईडब्ल्यूएस | पीडब्ल्यूबीडी* | ईएसएम |
| 1. | एयर ऑफिसर कमांडिंग, एयर फोर्स स्टेशन अर्जन सिंह, पानागढ़, पश्चिम बंगाल – 713 148 | लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) | 10 | 05 | 02 | 01 | 01 | 01 | 01(A) | 01 |
| | | हिंदी टाइपिस्ट | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| | | कुक (ओजी) | 12 | 05 | 03 | 02 | 01 | 01 | - | 01 |
| | | स्टोर कीपर | 16 | 08 | 04 | 02 | 01 | 01 | 01(A) | 02 |
| | | बढ़ई (एसके) | 03 | 03 | - | - | - | - | - | - |
| | | पेंटर (एसके) | 03 | 03 | - | - | - | - | - | - |
| | | मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) | 53 | 23 | 11 | 12 | 02 | 05 | 02 {(C), (D)} | 05 |
| | | मेस स्टाफ | 07 | 05 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| | | लॉन्ड्रीमैन | 03 | 03 | - | - | - | - | - | - |
| | | हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस) | 31 | 14 | 06 | 07 | 01 | 03 | 01 (B) | 02 |
| | | वल्केनाइजर | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| | | सिविलियन मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट ड्राइवर (साधारण ग्रेड) | 08 | 04 | 02 | 01 | 01 | - | - | 01 |
| | | **कुल** | **148** | **75** | **29** | **26** | **07** | **11** | **05** | **12** |
| 2. | एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर फोर्स स्टेशन, तेजपुर असम – 784 104 | लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) | 01 | 01 | - | - | - | - | - | 01 |
| **पश्चिमी वायु कमान, भारतीय वायुसेना** | | | | | | | | | | |
| 3. | वायु सेना अधिकारी कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन, अंबाला अंबाला कैंट (हरियाणा) पिन - 133001 | हिंदी टाइपिस्ट | 01 | 01 | - | - | - | - | - | 01 |
| **वायु सेना केंद्रीय लेखा कार्यालय (एएफसीएओ), आईएएफ** | | | | | | | | | | |
| 4. | एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना केंद्रीय लेखा कार्यालय (एएफसीएओ), सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली - 110 010 | लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) | 03 | 02 | - | 01 | - | - | 03 {(A), (B), (D)} | - |

नोटः रिक्तियों की संख्या भिन्न हो सकती है.

नोटः- **यूआर** - अनारक्षित, **एससी** - अनुसूचित जाति, **एसटी** - अनुसूचित जनजाति, **ओबीसी** - अन्य पिछड़ी जाति, **पीडब्ल्यूबीडी** - बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति, **ईडब्ल्यूएस** - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **ईएसएम** - भूतपूर्व सैनिक.

| | | |
|---|---|---|
| ***बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (PwBD)** | (ए) | (ए) अंधापन और कम दृष्टि |
| | (B) | (बी) बधिर और कम सुनने वाले |
| | (सी) | (सी) चलने-फिरने में अक्षमता जिसमें मस्तिष्क पक्षाघात, कुष्ठ रोग से ठीक हुए लोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित और मांसपेशीय दुर्विकास शामिल हैं |
| | (D) | (डी) Autism, intellectual disability, specific learning disability and mental illness |
| | | (ई) खंड (ए) से (डी) के अंतर्गत आने वाले व्यक्तियों में से बहुविध दिव्यांगताएं जिनमें बहरापन-अंधापन भी शामिल है |
| **एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम के लिए आरक्षण** | पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम के लिए आरक्षित कोटे के अंतर्गत चयनित व्यक्तियों को भी यूआर/एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के बीच पद आधारित रोस्टर में समायोजित किया जाएगा. | |

2. **आयु सीमाः** - सभी पदों के लिए 18-25 वर्ष (आयु-सीमा निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है).

**(क) आयु में छूटः -**

(i) ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष.

(ii) एससी/एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष.

(iii) शारीरिक रूप से दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष. (एससी, एसटी वर्ग के शारीरिक रूप से दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अतिरिक्त 05 वर्ष और ओबीसी वर्ग के लिए 03 वर्ष).

(iv) **भूतपूर्व सैनिकः** भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने सशस्त्र बलों में कम से कम 06 महीने की निरंतर सेवा की है, उन्हें अपनी वास्तविक आयु से ऐसी सेवा की पूरी अवधि घटाने की अनुमति दी जाएगी और यदि परिणामी आयु निर्धारित अधिकतम आयु से तीन वर्ष से अधिक नहीं है, तो उन्हें आयु सीमा के भीतर माना जाएगा.

(v) अनारक्षित पद के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को आयु सीमा, अनुभव आदि में किसी भी छूट का अधिकार नहीं है.

(vi) **विभागीय कर्मचारीः-**

अनारक्षित के लिए 40 वर्ष

अनुसुचित जाति/अनुसुचित जनजाति के लिए 45 वर्ष

**नोटः- सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट प्रचलित सरकारी निर्देशों के अनुसार है.**

3. प्रत्येक पद के लिए शैक्षणिक योग्यता/वेतनमानः-

| क्र. सं. | पद | वेतनमान | शैक्षिक योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण. कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति (35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट प्रत्येक शब्द के लिए 5 'की डिप्रेशन' के औसत पर 10500 KDPH/9000 KDPH के अनुरूप है) |
| 2. | हिंदी टाइपिस्ट | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण. कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति (35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट प्रत्येक शब्द के लिए 5 'की डिप्रेशन' के औसत पर 10500 KDPH/9000 KDPH के अनुरूप है) |
| 3. | स्टोर कीपर | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | **आवश्यकः** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा या समकक्ष योग्यता. **वांछनीयः** सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान के स्टोर में स्टोर संभालने और लेखा रखने का अनुभव. |
| 4. | सिविलियन मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट ड्राइवर (साधारण ग्रेड) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | **आवश्यकः** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन पास या समकक्ष योग्यता; हल्के और भारी वाहनों के लिए वैध सिविल ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए; ड्राइविंग में पेशेवर कौशल और मोटर तंत्र का ज्ञान होना चाहिए; मोटर वाहन चलाने में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव. |
| 5. | कुक (साधारण ग्रेड) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन के साथ खानपान में प्रमाण पत्र या डिप्लोमा; ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव. |
| 6. | पेंटर (कुशल) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 10वीं पास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पेंटर के ट्रेड में सर्टिफिकेट **या** उपयुक्त ट्रेड में भूतपूर्व सैनिक जैसे पेंटर |
| 7. | बढ़ई (कुशल) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 10वीं पास. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बढ़ई के ट्रेड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रमाणपत्र **या** उचित ट्रेड में भूतपूर्व सैनिक जैसे बढ़ई रिगर |
| 8. | हाउस कीपिंग स्टाफ (HKS) | लेवल-1, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन पास या समकक्ष योग्यता. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | लॉन्ड्रीमैन | लेवल-1, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | **आवश्यक:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन पास या समकक्ष योग्यता.<br>**वांछनीय:** किसी संगठन या संस्थान से धोबी के रूप में एक वर्ष का अनुभव. |
| 10. | मेस स्टाफ | लेवल-1, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | **आवश्यक:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय सी मैट्रिकुलेशन पास या समकक्ष योग्यता.<br>**वांछनीय:** किसी संगठन या संस्थान से वेटर या वॉशर के रूप में एक वर्ष का अनुभव. |
| 11. | मल्टी-टास्किंग स्टाफ (MTS) | लेवल-1, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | **आवश्यक:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन पास या समकक्ष योग्यता.<br>**वांछनीय:** किसी संगठन या संस्थान से वॉचमैन या लास्कर या गेस्टेटनर ऑपरेटर या माली के रूप में एक वर्ष का अनुभव. |
| 12. | वल्केनाइजर | लेवल-1, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन पास या समकक्ष योग्यता. **या**<br>उपयुक्त ट्रेड से भूतपूर्व सैनिक. |

**नोट:** पद का नामकरण परिवर्तन के अधीन है.

4. **चयन का तरीका:**

(क) सभी आवेदनों की आयु सीमा, न्यूनतम योग्यता, दस्तावेज और प्रमाणपत्रों के संदर्भ में जांच की जाएगी. इसके बाद, पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर जारी किए जाएंगे.

(ख) पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होना आवश्यक होगा. लिखित परीक्षा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पर आधारित होगी.

(ग) **लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम:-**

(i) **एलडीसी/हिंदी टाइपिस्ट के लिए:-** सामान्य बुद्धि, अंग्रेजी भाषा, संख्यात्मक योग्यता और सामान्य जागरूकता.

(ii) **एमटीएस, एचकेएस, लॉन्ड्रीमैन, मेस स्टाफ और वल्केनाइजर के लिए:-** सामान्य बुद्धि और तर्क, संख्यात्मक योग्यता, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य जागरूकता.

(iii) **अन्य सभी ट्रेड/पद के लिए:-** सामान्य बुद्धि और तर्क, संख्यात्मक योग्यता, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य जागरूकता, ट्रेड/पद से संबंधित प्रश्न.

(घ) प्रश्न सह उत्तर पत्र अंग्रेजी और हिंदी में होगा.

(ई) लिखित परीक्षा में योग्यता/श्रेणी के आधार पर अपेक्षित संख्या में उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और जहां भी लागू हो, कौशल/व्यावहारिक परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा.

(एफ) **अंकन प्रणाली निम्नानुसार होगी:-**

(i) लिखित परीक्षा - 100% (वेटेज)

(ii) कौशल/व्यावहारिक/शारीरिक परीक्षण - केवल अर्हता

(जी) शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को आवेदन के साथ संलग्न मूल प्रमाण पत्र, अनुलग्नक की प्रतियां लानी होंगी.

5. **अंतिम तिथि: - आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है.**

6. **आवेदन कैसे करें:** योग्य उम्मीदवार रिक्तियों और योग्यताओं के अधीन अपनी पसंद के किसी भी उपरोक्त वायु सेना स्टेशन पर आवेदन कर सकते हैं. नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार आवेदन (अंग्रेजी/हिंदी में टाइप किया हुआ), निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ विधिवत रूप से समर्थित, **इस विज्ञापन के 'रोजगार समाचार' में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर** पसंद के अनुसार संबंधित वायु सेना स्टेशन तक पहुंच जाना चाहिए.

(क) शैक्षिक योग्यता, आयु, तकनीकी योग्यता, बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति, अनुभव प्रमाणपत्र और जाति प्रमाणपत्र (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के मामले में सक्षम नागरिक अधिकारियों द्वारा जारी) आदि के समर्थन में सभी दस्तावेज आवेदन के साथ स्व-सत्यापित होने चाहिए.

(ख) ओबीसी उम्मीदवारों की उनके आरक्षित कोटे के तहत नियुक्ति के मामले में उनकी जाति ओबीसी की केंद्रीय सूची के तहत सूचीबद्ध होनी चाहिए, क्योंकि केंद्रीय सूची के तहत सूचीबद्ध जातियों से संबंधित उम्मीदवार ही केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए पात्र हैं. ओबीसी में क्रीमी लेयर के संबंध में नवीनतम नियमों का पालन किया जाना है. ओबीसी के रूप में आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ यह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे किसी भी क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं.

(ग) भूतपूर्व सैनिकों के मामले में डिस्चार्ज बुक की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी आवेदन के साथ प्रस्तुत करनी होगी.

(घ) ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहने वाले व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके पास वित्तीय वर्ष **2025-2026** (आवेदन की अंतिम तिथि का वित्तीय वर्ष) के लिए वैध आय और संपत्ति प्रमाणपत्र है, जो कि डीओपीएंडटी के दिनांक 31 जनवरी 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-स्था. (आरक्षण) के अनुसार वित्तीय वर्ष **2024-2025** (आवेदन की अंतिम तिथि से पहले का वित्तीय वर्ष) की आय के आधार पर जारी किया गया हो. उदाहरण के लिए, यदि अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 है, तो आय और संपत्ति प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष **2024-2025** की आय के आधार पर वित्तीय वर्ष **2025-2026** के लिए वैध होना चाहिए.

(ड.) दिव्यांगजन (बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति) उम्मीदवारों के लिए स्क्राइब का विकल्प डीओपीएंडटी के दिनांक 10 अगस्त 2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 29-6/2019-डीडी-III के अनुसार लागू होगा.

(f) As per DoP&T OM No. 14020/1/2014-Estt. (D) dated 22 April 2015, PwBD candidates who are otherwise qualified to hold clerical post and who are certified as being unable to type by the Medical Board attached to Special Employment Exchanges for the Handicapped (or by Civil Surgeon where there is no such Board) may be exempted from passing the typing test. To claim exemption from typing test, PwBD candidates must substantiate their claim by furnishing the Medical Certificate in prescribed format as per Annexure-II

(g) Application form duly typed in English /Hindi with recent photograph (passport size) duly self attested. Any other supporting document (self attested), Self-addressed envelope with stamp (s) Rs. 10/- pasted. Address should be typed in English / Hindi. Separate application for each post should be forwarded. Applicants to mention clearly on the envelope "APPLICATION FOR THE POST OF ------- AND CATEGORY-------"

(h) Two passport size photographs (same as affixed on the application form).

7. **सामान्य निर्देश:-**

(क) इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से पहले और अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा. किसी भी प्रकार की डाक देरी के लिए भारतीय वायुसेना जिम्मेदार नहीं होगी.

(ख) लिखित परीक्षा/कौशल/प्रैक्टिकल/शारीरिक परीक्षण के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को बुलाने से पहले संबंधित इकाई द्वारा आयु-सीमा, न्यूनतम योग्यता, दस्तावेज और प्रमाणपत्रों के संदर्भ में आवेदन की पूर्व जांच की जाएगी.

(ग). परीक्षा/कौशल/प्रैक्टिकल/शारीरिक परीक्षण के लिए केंद्र की जानकारी उम्मीदवार को यथासमय दी जाएगी. केंद्र उस स्थान से भिन्न हो सकता है जहां आवेदन भेजा गया था. यह पूरी तरह से प्रशासनिक सुविधा के लिए किया जाता है.

(घ) लिखित परीक्षा/कौशल/प्रैक्टिकल/शारीरिक परीक्षण में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा.

(ड) चयनित उम्मीदवार **अखिल भारतीय सेवा दायित्व** के अधीन होंगे.

(च) केवल मूल चयन मानदंडों को पूरा करने से कोई व्यक्ति स्वचालित रूप से परीक्षण/कौशल/प्रैक्टिकल/शारीरिक परीक्षण के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाता है.

(छ) उम्मीदवारों को कौशल/प्रैक्टिकल/शारीरिक परीक्षण के समय मूल प्रमाणपत्र, जैसे— एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम, शैक्षिक योग्यता/तकनीकी योग्यता और अनुभव प्रमाणपत्र साथ लाने होंगे. उक्त दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की वैधता निर्धारित करने की निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को या उससे पहले होगी.

## पत्रकारों का तीर्थस्थल है माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय - मंत्री श्री विजयवर्गीय

**भोपाल,** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के मौके पर डिजिटल लाइब्रेरी के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। श्री विजयवर्गीय ने कहा है कि किसी शहर के संग्रहालय और शिक्षण संस्थान धरोहर के समान हैं इनका समृद्ध होना समाज के गौरव को बढ़ाता है। उन्होंने माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय के गौरवशाली इतिहास की प्रशंसा की। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि आधुनिक युग में नौजवान पीढ़ी के लिये डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा बहुत उपयोगी रहेगी। समारोह में संग्रहालय की स्थापना से लेकर अब तक के सफर में सहयोग करने वाली संस्थाओं और हस्तियों का सम्मान किया गया। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उनके इस संकल्प को शैक्षणिक संस्थानों को समृद्ध करके पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सप्रे संग्रहालय की शुरुआत एक छोटे स्वरूप में हुई थी। लगभग पिछले 4 दशकों में इस संस्थान ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर ली है। पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री सुरेश पचौरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री विजयदत्त श्रीधर ने अपनी लगन से भोपाल शहर को एक अमूल्य धरोहर दी है, जिसका लाभ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों को निरंतर मिलता रहेगा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री पचौरी ने भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर फंड से दी जाने वाली मदद को सराहनीय बताया। संस्थान के संस्थापक सदस्य श्री विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान पुस्तकालय सेवा के 3 प्रारूप में कार्यरत है। पत्रकार एवं पाठक वर्ष 1984 से इसका लाभ उठा रहे हैं।

(ज) सभी श्रेणियों के लिए एक साथ परीक्षा आयोजित की जाएगी. उम्मीदवार किस श्रेणी के लिए उपस्थित होना चाहता है, यह तय करने की जिम्मेदारी आवेदक की खुद की पसंद होगी. यदि परीक्षाएं एक ही तिथि पर आयोजित की जाती हैं, तो एक से अधिक श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए अलग से कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी.

8. संबंधित वायुसेना स्टेशन के एयर ऑफिसर कमांडिंग/स्टेशन कमांडर/कमांडिंग ऑफिसर को बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार है. इसी तरह, संबंधित कमांड/यूनिट को चयन से पहले किसी भी समय किसी भी वायुसेना स्टेशन पर रिक्तियों की संख्या/आरक्षण की स्थिति को बदलने का अधिकार है.

### आवेदन के लिए प्रोफॉर्मा

------------------------------ **इकाई में** -------------------------- **के पद के लिए आवेदन**

(1) आवेदित पद : ----------------------------------------------------

(2) अभ्यर्थी का नाम (स्पष्ट अक्षरों में): --------------------------------

(3) पिता का नाम : --------------------------------------------------

(4) जन्म तिथि : -----/-----/--------
(स्व-सत्यापित जन्म प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)

**स्व-सत्यापित फोटो चिपकाएं**

(5) आवेदन प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तिथि को आयु : वर्ष ------ महीने-------- दिन--------

(6) पत्राचार हेतु पता : मकान संख्या/गली/गांव ---------------- डाकघर ------------ जिला--------
राज्य -------------------------- पिन कोड --------------

(7) स्थायी पता : मकान संख्या/गली/गांव ------------------ डाकघर ------------ जिला---------
राज्य -------------------------- पिन कोड --------------

(8) जाति: सामान्य/ओबीसी/एससी/एसटी : ------------------------------------------
(एससी/एसटी/ओबीसी के मामले में स्व-सत्यापित प्रमाणपत्र संलग्न करें)

(9) शैक्षणिक योग्यता : -------------------------------------------
(स्व-सत्यापित शिक्षा प्रमाणपत्र संलग्न करें)

(10) कोई अन्य योग्यता/अनुभव : ---------------------------------------------

(11) जिस श्रेणी के लिए आवेदन किया गया है: सामान्य (यूआर)/ओबीसी/एससी/एसटी/ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक/पीडब्ल्यूबीडी...................... (स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(12) तकनीकी प्रशिक्षण/अनुभव: ---------------------------------------------

(13) निवास स्थान (स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करें): -------------------------------

कृषकों को कृषि फसलों हेतु किराये पर ट्रैक्टर एवं यंत्र उपलब्ध कराकर सेवाएँ देने के उद्देश्य से बैंक ऋण आधार पर कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने के इच्छुक व्यक्तियों से "ऑनलाइन आवेदन पत्र संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी के पोर्टल www.chc.mpdage.org के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। ये कस्टम हायरिंग केन्द्र प्रदेश के सभी जिलों में खोले जाना हैं। प्रत्येक कस्टम हायरिंग केन्द्र हेतु आवश्यक ट्रेक्टर एवं कृषि यंत्रों के क्रय की लागत पर **आवेदकों (सामान्य, अ.जा., अ.ज.जा. तथा एफपीओ) को 40 प्रतिशत अधिकतम रु. 10 लाख तक** का "क्रेडिट लिंक्ड बैंक एण्डेड (Credit Linked Back Ended)" अनुदान दिया जायेगा। **अनुदान की गणना सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 05 मई 2025** में उल्लेखित प्रत्येक यंत्र हेतु दिये गये प्रावधान अनुसार अधिकतम सीमा तक की जावेगी। इसके साथ ही हितग्राही भारत सरकार के "एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड" (ए. आई.एफ.) अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के भी पात्र होंगे। प्रदेश में **कुल 1000** कस्टम हायरिंग केन्द्रों (सामान्य के **कुल 599**, अनुसूचित जनजाति के **कुल-189**, अनुसूचित जाति के **कुल-157** तथा एफपीओ के **कुल-55**) लक्ष्यों का जिलेवार विवरण आमंत्रण की सूचना (विस्तृत) के परिशिष्ट-1 पर संलग्न है।) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। जिले अनुसार लक्ष्यों को कम करने अथवा बढ़ाने के अधिकार संचालक कृषि अभियांत्रिकी को होंगे। योजनांतर्गत प्राप्त आवेदन इसी वित्तीय वर्ष अर्थात् वर्ष 2025-26 हेतु ही वैध रहेंगे। प्रत्येक आवेदक को आवेदन हेतु धरोहर राशि रु. 10000/- बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करायी जानी होगी। ऑनलाइन आवेदन के साथ धरोहर राशि के बैंक ड्राफ्ट की स्कैन प्रति अपलोड की जाना होगी। बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति अभिलेखों के सत्यापन के समय संबंधित कार्यालय में जमा करायी जानी अनिवार्य होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदन करने की अवधि | - | दिनांक 26 मई से 12 जून 2025 तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे। |
| 2. | कम्प्यूटराइज्ड लॉटरी पद्धति से जिलेवार प्राथमिकता सूचियों का निर्धारण | - | दिनांक 13 जून 2025 को दोपहर 12.00 बजे संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, भोपाल में कम्प्यूटराइज्ड लॉटरी की जायेगी। (लॉटरी से जिलेवार निर्धारित की गई प्राथमिकता सूचियां सचालनालय कृषि अभियांत्रिकी के पोर्टल www.chc.mpdage.org पर 13 जून 2025 को सायं 5:00 बजे से देखी जा सकेंगी।) |
| 3. | जिलेवार आवेदकों के अभिलेखों का सत्यापन एवं बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अवधि | - | दिनांक 16-17 जून 2025 तक प्रातः 10:30 से सायं 5:30 तक |

योजना के अंतर्गत उपयुक्त पाये गये आवेदकों की धरोहर राशि केन्द्र स्थापना के उपरांत लौटाई जा सकेगी, किंतु यदि आवेदक केन्द्र स्थापित करने में असफल रहता है तो धरोहर राशि शासन द्वारा राजसात कर ली जायेगी। प्रत्येक जिले हेतु हितग्राहियों का चयन कम्प्यूटराइज्ड लॉटरी पद्धति से किया जावेगा। एक व्यक्ति केवल एक जिले/ग्राम हेतु ही आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। **एक से अधिक जिलों/ग्रामों हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में उसके सभी आवेदन निरस्त कर दिये जायेंगे।** कम्प्यूटराइज्ड लॉटरी द्वारा चयनित आवेदकों के मूल अभिलेखों का सत्यापन उनके आवेदित जिले से संबंधित संभागीय कृषि यंत्री/कार्यपालन यंत्री कार्यालयों में किया जायेगा। विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाइट (www.chc.mpdage.org) पर देखा जा सकता है।

**संचालक**
**कृषि अभियांत्रिकी, मध्यप्रदेश भोपाल**

जी-13271/51011/2025

# सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है - मंत्री श्री पटेल

**रीवा**, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रीवा में जल गंगा संवर्धन अभियान और पंच-सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में पंचायतों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश नदियों की जन्मस्थली है और इनका संरक्षण हमारे साथ आने वाली पीढ़ियों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि छोटी नदियों और उनके जल स्रोतों को बचाने पर ध्यान दें। नदियों के उद्गम स्थलों को संरक्षित करें, तटों पर पौधे लगाएं और वृक्ष बनने तक उनकी देखरेख करें।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सभी ग्राम पंचायतों को अपने विकास की योजना स्वयं बनानी चाहिए। इसके लिए सरकार उनके साथ खड़ी है और विकास हेतु आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को अब सशक्त और अधिकार-संपन्न बनाया जा रहा है। सरपंचों को 25 लाख रुपये तक के वित्तीय अधिकार दिए गए हैं। साथ ही अधोसंरचना विकास के लिए भी पर्याप्त राशि प्रदान की जा रही है। क्लस्टर स्तरीय पंचायतों में 45.50 लाख रुपये और अन्य पंचायतों में 37.50 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को न केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना होगा, बल्कि अपने कर्तव्यों का भी गंभीरता से निर्वहन करना होगा। जनहितैषी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सहजता से पहुँचाना उनकी जिम्मेदारी है। पंचायतों के विकास में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी अनिवार्य है।

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं पंचायतें

राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हम सभी के जीवन से जुड़ा हुआ है और इसके लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए। विशेष रूप से जिन गाँवों में नदियों के उद्गम स्थल हैं, उन्हें संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि 'जल ही जीवन है' और इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने पंचायत मंत्री द्वारा नदियों के संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों को अनुकरणीय बताया और कहा कि यह अभियान दुर्गम क्षेत्रों में भी प्रभावी ढंग से संचालित हो रहा है। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया और नदियों के संरक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहभागिता की अपील की।

# विश्वविद्यालय बने सामाजिक न्याय और अधिकारिता का प्रतीक - राज्यपाल

**भोपाल,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू की शासी निकाय की पांचवीं बैठक को संबोधित किया।

राज्यपाल ने कहा है कि विश्वविद्यालय बाबा साहब के सामाजिक न्याय और अधिकारिता की विरासत का प्रतीक बने। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां बाबा साहब के विचारों और जीवनी से प्रेरित हों। परिसर सामाजिक समरसता का जीवंत आदर्श प्रस्तुत करे।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य छात्र-छात्राओं को केवल उपाधि प्रदान करना नहीं है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर के जीवन मूल्यों, उनके सामाजिक न्याय और समानता के संघर्ष और वंचितों के उत्थान के कार्यों के प्रति भावी पीढ़ी की अभिरुचि को बढ़ाना है। श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय वित्तीय संसाधनों के लिए सरकार पर आश्रित नहीं रहें। वित्तीय स्वावलंबन के लिए प्रयास किए जाएं। विश्वविद्यालय विकास योजनाओं को सरकार के साथ समन्वय कर क्रियान्वित करें। विश्वविद्यालय कार्य परिषद द्वारा कुलगुरु चयन समिति में कार्य परिषद द्वारा निर्वाचित सदस्य के प्रावधान को संशोधित कर, राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य के निर्णय का शासी निकाय की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसी तरह कार्य परिषद के विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रति कुलपति के पदनाम को कुलगुरु एवं प्रति कुलगुरु किये जाने के निर्णय का भी बैठक में अनुमोदन किया गया।

# अखिल भारतीय सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे मध्यप्रदेश के युवा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित प्रतिभागियों से संवाद किया

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित प्रतिभागियों के सम्मान तथा उनसे संवाद के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का दिल है और देश की धड़कनों में मध्यप्रदेश की आहट होना चाहिए। यह प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा, योग्यता और दक्षता से ही संभव है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा वर्ष 2024 में प्रदेश के 60 युवाओं का चयन मध्यप्रदेश की क्षमता को दर्शाता है। प्रदेश के यह युवा, देश की अलग-अलग सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और पूरा देश हमारे प्रदेश के प्रभाव का अनुभव करेगा।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित प्रतिभागियों को स्मृतिचिह्न तथा भारतीय ज्ञान परम्परा पुस्तक की प्रति भेंट कर सम्मानित किया।

- **यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में प्रदेश के 60 युवाओं का चयन गर्व का विषय।**
- **प्रदेश के प्रतिभागियों की योग्यता और क्षमता, देश को मध्यप्रदेश के प्रभाव का अनुभव कराएगी।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ई-ज्ञानसेतु यू-ट्यूब चैनल का लोकार्पण किया। उन्होंने पुस्तिका 'मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं का परचम' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश को एक स्वस्थ्य लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की ही देन है कि जमीन से जुड़े व्यक्ति को भी देश-प्रदेश का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। यह भी गर्व का विषय है कि सिविल सेवा में चयनित अधिकांश युवाओं ने शासकीय स्कूलों से पढ़ाई की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता संग्राम में श्रद्धेय नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतवासियों की योग्यता को सिद्ध करने के लिए ही उन्होंने आईसीएस की परीक्षा दी और उसमें सफलता प्राप्त कर अंग्रेजों का घमंड तोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य और लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की न्यायप्रियता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के उदाहरण देते हुए अभ्यर्थियों से अपने कर्तव्यों के निर्वहन में जनसामान्य के प्रति संवेदनशील, जनकल्याण के लिए सक्रिय और लोकहित के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

# पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में हो रहे हैं कार्य

**सीधी,** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान और पंच-सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में पंचायतों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश नदियों की जन्मस्थली है और इनका संरक्षण हमारे साथ आने वाली पीढ़ियों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि छोटी नदियों और उनके जल स्रोतों को बचाने पर ध्यान दें। नदियों के उद्गम स्थलों को संरक्षित करें, तटों पर पौधे लगाएं और वृक्ष बनने तक उनकी देखरेख करें। श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सभी ग्राम पंचायतों को अपने विकास की योजना स्वयं बनानी चाहिए। इसके लिए सरकार उनके साथ खड़ी है और विकास हेतु आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है।

श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को अब सशक्त और अधिकार-संपन्न बनाया जा रहा है। सरपंचों को 25 लाख रुपये तक के वित्तीय अधिकार दिए गए हैं। साथ ही अधोसंरचना विकास के लिए भी पर्याप्त राशि प्रदान की जा रही है।

# 'वुमन फॉर ट्री' अभियान 31 अगस्त तक चलेगा

**भोपाल,** प्रदेश में केन्द्र सरकार के 'एक पेड़ माँ के नाम' से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत 'वुमन फॉर ट्री' पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश में 5 जून से 31 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने विस्तृत दिशा-निर्देश नगरीय निकायों को जारी किये हैं।

नगरीय निकायों को पौध रोपण का स्थल चयन कर अमृत 2.0 के पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने नगरीय निकायों से कहा है कि स्व- सहायता समूह की महिलाओं को पौध रोपण के स्थान का भ्रमण किट आवश्यक रूप से वितरित कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

तकनीक से आत्मबल की ओर

# ग्लोबल स्किल पार्क में सत्र 2025-26 प्रारंभ

**भोपाल,** संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में सत्र 2025-26 का शुभारंभ विशेषज्ञों द्वारा दिए गए ओरिएंटेशन के साथ हुआ। इस सत्र में देश के विभिन्न राज्यों से आए 350 से अधिक युवा छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। यह आयोजन महज एक औपचारिक सत्र न होकर, युवाओं के जीवन में आत्मबल, तकनीकी दक्षता और नवाचार की दिशा में प्रथम निर्णायक कदम बनेगा।

मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से आए विद्यार्थियों ने ग्लोबल स्किल पार्क को गुणवत्ता आधारित कॅरियर निर्माण का केंद्र मानते हुए प्रवेश लिया है। कार्यक्रम में छात्रों को संस्थान की उन्नत अधोसंरचना, इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों, आधुनिक प्रयोगशालाओं और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास की संपूर्ण प्रक्रिया से परिचित कराया गया।

**केवल तकनीकी शिक्षा नहीं, जीवन निर्माण का मंच**

ग्लोबल स्किल पार्क की शिक्षण व्यवस्था विद्यार्थियों को केवल जॉब ओरिएंटेड नहीं, बल्कि समस्या समाधानकर्ता और नवाचार आधारित उद्यमशील नागरिक के रूप में तैयार करने पर केंद्रित है। विशेषज्ञों द्वारा आयोजित सत्र में विद्यार्थियों को बताया गया कि यहाँ दी जाने वाली शिक्षा 'ट्रेनिंग फॉर एम्प्लॉयमेंट टू ट्रेनिंग फॉर एम्पावरमेंट' की सोच पर आधारित है। छात्रों को प्रोफेशनल एटिकेट, संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता और डिजिटलीकरण के साथ जॉब रेडी स्किल्स का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह दृष्टिकोण ग्लोबल स्किल पार्क को पारंपरिक आईटीआई और पॉलिटेक्निक मॉडल से अलग करता है।

**राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय मानकों से जुड़ती तकनीकी शिक्षा**

ग्लोबल स्किल पार्क ने हाल ही में आईआईटी दिल्ली, आईआईटी रोपड़ और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से साझेदारी कर, कौशल विकास को अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में नवाचारी कदम बढ़ाया है। आगामी सत्र में एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, गेम डिज़ाइनिंग और इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी जैसे कोर्सेज सेंटर ऑफ स्किल एडवांसमेंट के अंतर्गत आरंभ किए जा रहे हैं, जिससे यहां अध्ययनरत युवा वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें।

# नगरीय निकाय प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिये शहरी सुधार कार्यक्रम

**भोपाल,** प्रदेश के नगरीय निकाय प्रणाली में सुधार कर पारदर्शिता लाने और कार्यक्षमता में वृद्धि करने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शहरी सुधार कार्यक्रम योजना लागू की है। नगरीय निकायों की लेखा प्रणाली के संभूति आधारित द्विप्रविष्टीय लेखा प्रणाली में परिवर्तन करने के लिये कार्य किया गया है। प्रदेश की 369 निकायों में यह कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नवगठित 44 निकायों में निविदाएं आमंत्रित करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है।

प्रदेश के नगरीय निकायों में जीआईएस आधारित मानचित्र तैयार कर संपत्तिकर के दायरे और वसूली में वृद्धि किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। जीआईएस आधारित बहुउद्देशीय पारिवारिक सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत प्रदेश की सभी 413 नगरीय निकायों का आधार मानचित्र कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी के साथ 294 नगरीय निकायों जिनमें नगर निगम मुरैना को शामिल करते हुये संपत्ति सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जा चुका है। प्रदेश की 119 नगरीय निकायों में कार्य प्रगति पर है। राज्य के 15 नगर निगमों में से 9 नगर निगमों में संपत्ति सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जा चुका है। अब शेष रह गये 6 नगर निगमों में सर्वेक्षण का काम तेजी से किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों को राजस्व संग्रहण के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन पुरस्कार राशि प्रदान की जा रही है। नगरीय निकायों में राजस्व संग्रहण को बढ़ाने के लिये लगातार समीक्षा करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

# संग्रहालयों के तकनीकी उन्नयन से देश-दुनिया में प्रदेश की बनी विशेष पहचान

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर राज्य संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और धरोहरों के प्रति युवाओं की रुचि विकसित करने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए जानकारियों का आकर्षक रूप से प्रस्तुतिकरण आवश्यक है। धरोहरों के संरक्षण के लिए भी अद्यतन तकनीक का उपयोग जरूरी है।

इस दृष्टि से राज्य संग्रहालय ने इमर्सिव एक्सपीरियंस सेंटर आरंभ करने का नवाचार समयानुकूल है। प्रदेश में स्मारकों और संग्रहालयों में दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। संग्रहालयों की समृद्ध परंपरा में मध्यप्रदेश जिस प्रकार से कार्य कर रहा है, उससे देश-दुनिया में प्रदेश की विशेष पहचान बनी है।





- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य संग्रहालय में इमर्सिव एक्सपीरियन्स सेंटर का किया लोकार्पण।**
- **अब भोपाल की यात्रा, राज्य संग्रहालय आए बिना रहेगी अधूरी।**
- **सभी संभागों के स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी राज्य संग्रहालय का भ्रमण अवश्य करें।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम बदलते दौर के भारत में रह रहे हैं। यह बदलाव हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। संग्रहालय अब इतिहासकारों और शोधार्थियों के साथ-साथ जनसामान्य के लिए भी रुचि-आकर्षण और ज्ञानार्जन के केंद्र का रूप ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य संग्रहालय की सराहना करते हुए कहा कि पर्यटकों के लिए अब भोपाल की यात्रा, राज्य संग्रहालय आए बिना अधूरी रहेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और पर्यटन विकास निगम संयुक्त रूप से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के संग्रहालय भ्रमण का संभागवार क्रम बनाएं, इससे विद्यार्थी, प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ेंगे और राज्य संग्रहालय की खूबियों से अधिक से अधिक लोग परिचित हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य संग्रहालय परिसर में आयोजित 'संग्रहालय मेला' के अंतर्गत पुरातत्व के संरक्षण और संवर्धन से संबंधित विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने उत्खनन उपकरण के प्रकार और कार्य सहित दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन की जानकारी प्राप्त की।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# सिंहस्थ-2028 से संबंधित अधोसंरचना के कार्य समय पर किये जायेंगे पूरे - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ 2028 की मंत्रिमण्डलीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए

- सिंहस्थ से संबंधित विभागों में तकनीकी अधिकारी-कर्मचारियों की कमी को दूर किया जाए।
- श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए रेलवे से आवश्यक समन्वय जरूरी।

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ-2028 की मंत्रिमण्डलीय समिति की तीसरी बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 से संबंधित सभी अधोसंरचना के कार्यों को जल्द पूर्ण करना आवश्यक है। प्रत्येक कार्य की समय-सीमा निर्धारित कर, गतिविधियां संचालित की जाएं। कार्यालयीन प्रक्रियाओं को वर्षाकाल तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिसमें वर्षाकाल के तुरंत बाद निर्माण प्रक्रिया तत्काल आरंभ की जा सके। नगर निगम उज्जैन, विकास प्राधिकरण सहित अन्य निर्माण एजेंसियों में यदि तकनीकी अधिकारी-कर्मचारियों की कमी है तो अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर लेकर यह कमी दूर की जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का रेल से बड़ी संख्या में आवागमन होगा और महाकालेश्वर सहित ओंकारेश्वर तथा मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर भी श्रद्धालुओं के आवागमन के मुख्य केंद्र रहेंगे। अत: सड़क मार्गों के साथ-साथ रेलवे से बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना आवश्यक है। इससे क्षेत्र में रेल यातायात को सुगम तथा श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 में स्नान तथा पेयजल, सीवरेज, आवागमन, श्रद्धालुओं के आवास, कानून व्यवस्था और आवश्यक चिकित्सा सुविधा आदि के लिए जारी की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण, पर्यटन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों और उनकी प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में कान्ह नदी डायवर्जन, घाट निर्माण, क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी बांध, क्षिप्रा तथा कान्ह नदी पर बैराजों के निर्माण की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। इंदौर-उज्जैन मार्ग के सिक्स लेन में चौड़ीकरण, इंदौर-उज्जैन वैकल्पिक मार्ग, इंदौर-उज्जैन-ओंकारेश्वर और महेश्वर में यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित अन्य पर्यटन सुविधाओं के निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

## लालबाग के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन संवर्धन के लिये 24 महीने में होगा पुनर्निर्माण

**इंदौर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के ऐतिहासिक स्थल लालबाग पैलेस पहुंचकर होलकर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हार राव होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने 47.59 करोड़ रुपये लागत से लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने लालबाग पैलेस का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने महल की ऐतिहासिक संरचना और सौंदर्य का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के प्रयास कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए बैठक कक्ष, क्राउन हॉल, बैंक्वेट हॉल, दरबार हॉल, किंग्स ऑफिस, मंत्रणा कक्ष, पश्चिमी बैठक कक्ष, भारतीय भोजन कक्ष पुरुष एवं महिला, बॉल रूम आदि की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। आर्किटेक्ट श्री पुनीत सोहल द्वारा लालबाग पैलेस परियोजना का प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उन्होंने लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास के लिए किए गए कार्य एवं आगामी कार्ययोजना से अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री ने इस महत्वाकांक्षी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना व्यक्त की। यह कार्य लालबाग के समृद्ध इतिहास और उसकी पुनः प्रतिष्ठा के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उद्यान और होलकर्स की विरासत को जीवंत रखने, उद्यान को सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधि स्थल के रूप में विकसित करने एवं ऐतिहासिक अवधारणा पर आधारित रचना अनुसार पुनःविकसित करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जाएगा। इसके लिए 47.59 करोड़ रुपये की स्वीकृति सिंहस्थ मद अंतर्गत प्राप्त हुई है। यह कार्य मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। कार्य की समय सीमा 24 माह अर्थात मई 2027 निर्धारित है।

## नदियों के उद्गम स्थलों का संरक्षण जरूरी

**झाबुआ,** पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल इंजीनियरिंग कॉलेज झाबुआ में पंच सरपंच सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में खेत तालाब, अमृत सरोवरों एवं अन्य जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण के साथ पुरानी संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान दूरगामी और तत्वरित रूप से परिणाम देने के साथ ही मानसून के पूर्व जल संरचनाओं को तैयार किए जाने के लिये किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को नदियों का मायका कहा जाता है।

## गेहूं उपार्जन में इस वर्ष 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि

**भोपाल,** प्रदेश ने इस वर्ष गेहूं उपार्जन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश अब पूरे देश में गेहूं उपार्जन में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यह जानकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रभार के जिले गुना में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान दी।

श्री राजपूत ने बताया कि इस वर्ष गेहूं उपार्जन में 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में एक बड़ी छलांग है। उन्होंने इसे किसानों के प्रति राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता और सुनियोजित नीति का परिणाम बताया। श्री राजपूत ने कहा कि हमारे प्रयासों का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने 60 प्रतिशत से अधिक गेहूं उपार्जन पर उपार्जन से जुड़े विभाग के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया।

## नई स्टार्टअप नीति — एक वर्ष में स्टार्टअप में 30 प्रतिशत की वृद्धि

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत मध्यप्रदेश स्टार्टअप सेंटर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। स्टार्टअप्स की संख्या, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में वृद्धि और राज्य में नवाचार को प्रोत्साहन देने वाली विभिन्न पहलों के चलते पिछला वर्ष अत्यंत सफल रहा है।

**स्टार्टअप में हुआ इज़ाफा**

पिछले एक वर्ष में राज्य में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या 4012 से बढ़कर 5230 हो गई, जिसमें 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्टअप में 34 फीसदी की वृद्धि हुई है। इनकी संख्या 1864 से बढ़कर 2490 तक पहुंच गई हैं। इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि महिला उद्यमिता को विशेष बल दिया जा रहा है। आज प्रदेश में स्टार्टअप की संख्या 5300 से अधिक हो चुकी है।

**निवेश को मिली नई दिशा**

गत एक वर्ष में राज्य सरकार ने स्टार्टअप के लिए फंडिंग सुनिश्चित करने के लिए SEBI-अनुमोदित वैकल्पिक निवेश निधियों (AIFs) से साझेदारी की। 5 AIFs का चयन हुआ, जिनमें से 3 Silver Needle, Equanimity Ventures और Unicorn India Ventures Fund ने कुल 10.90 करोड़ रुपये का निवेश किया। सरकार ने 3.03 करोड़ रुपये का अंशदान किया।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई "मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति एवं क्रियान्वयन योजना 2025" का शुभारंभ किया गया। इस दौरान 2500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भाग लिया और "फ्यूचर फ्रंटियर्स : स्टार्टअप पिचिंग सेशन" में 20 स्टार्टअप्स को निवेशकों के समक्ष पिच करने का मौका मिला, जिसमें से 19 को निवेशकों द्वारा रुचि पत्र प्राप्त हुए।

**महिलाओं और कृषि स्टार्टअप को मिला मंच**

महिला उद्यमियों को योजनाओं से जोड़ने के लिये 13 अगस्त 2024 को 'प्रदेश महिला उद्यमी सम्मेलन' हुआ। जिसमें 40 से अधिक महिला स्टार्टअप्स ने भाग लिया। कृषि क्षेत्र के लिए GAP फंड के माध्यम से फंडिंग की सुविधा दी गई और कृषि आधारित स्टार्टअप्स को विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी का अवसर मिला।

**राज्यभर में हुआ स्टार्टअप जागरूकता का प्रसार**

मध्यप्रदेश स्टार्टअप सेंटर ने पूरे वर्ष में 50 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा आयोजन किया, जिनमें 20 से अधिक शैक्षणिक संस्थान, औद्योगिक संगठनों, सरकारी विभागों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों तक की सहभागिता शामिल रही। साथ ही, प्रदेश में आयोजित रीजनल इंडस्ट्रीज़ कॉन्क्लेव तथा RAMP योजना जैसी पहलों के माध्यम से स्टार्टअप को जागरूक किया गया।

नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित 'स्टार्टअप क्लीनिक', 'स्टार्टअप मार्गदर्शन सत्र' और 'इनक्यूबेटर आउटरीच वर्कशॉप' जैसे आयोजनों से प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूत आधार मिला है।

## जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

**धार,** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने माही नदी के उद्गम स्थल धार जिले के ग्राम मिंडा में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश प्राचीनकाल से जल संरचनाओं का धनी रहा है और इसे नदियों का मायका कहा जाता है। यहां से निकलने वाली नदियां देश के बड़े भू-भाग को जीवन देती हैं, इसलिए जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए अभी से ठोस प्रयास करना जरूरी हैं। उन्होंने विशेष रूप से पौधों और वृक्षों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल और हरियाली एक-दूसरे के पूरक हैं। जब हम पेड़ लगाएंगे और उन्हें संरक्षित करेंगे, तभी जल स्रोतों को भी जीवित रख सकेंगे। उन्होंने प्राकृतिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने, वर्षा जल संचयन की पद्धतियों को अपनाने और स्थानीय जल निकायों की स्वच्छता व देखरेख के लिए जनभागीदारी को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि गांवों में जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना होगा, तभी इसका वास्तविक लाभ मिल सकेगा।

मंत्री श्री पटेल ने माही नदी के उद्गम स्थल स्थित माही माता मंदिर में पूजन-अर्चन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार सिंह मेडा, सरदारपुर विधायक श्री प्रताप ग्रेवाल, सीईओ श्री अभिषेक चौधरी प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जल संरक्षण के इस संकल्प में सहभागिता का संकल्प लिया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की मिसाल हैं लोकमाता देवी अहिल्या

**इंदौर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के लता मंगेशकर सभागार में विश्व मांगल्य सभा द्वारा पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी अवसर पर 'राष्ट्र समर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा' नाट्य के मंचन में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवी अहिल्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, नारी सशक्तिकरण और सुशासन की एक मिसाल है। कुशल प्रशासक के रूप में उनके जन कल्याण के कार्य हमें आज भी समाज के हर वर्ग के कल्याण की प्रेरणा देते हैं।




मुख्यमंत्री ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होलकर ने करके दिखाया कि कठिन समय में कुशलता के साथ सत्ता का संचालन कैसे किया जाता है। उन्होंने सोमनाथ और वाराणसी में मंदिर बनाने के साथ ही नदियों पर घाट बनवाए हैं। रामेश्वरम के मंदिर निर्माण में भी लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर का योगदान है। मंदिर के साथ ही धर्मशाला, अन्नशाला, घाट निर्माण, पुजारी के मानदेय इत्यादि सबका ध्यान रखा। सहस्त्रबाहु की राजधानी रही महेश्वर (महिष्मती) का पुनरुद्धार कराया। लोकमाता देवी अहिल्या बाई में एक आदर्श बहू और बेटी का रूप भी दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सम्पूर्ण देश में अहिल्या उत्सव मनाए जाने का मार्ग प्रशस्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता देवी अहिल्या बाई के जीवन के विविध पहलुओं को एक नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए विश्व मांगल्य सभा की सराहना करते हुए कहा कि यह नाटक जन सामान्य को लोकमाता देवी अहिल्या बाई के कार्यों और सुशासन से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि महेश्वर में इस नाटक का कुछ भाग ही देखा था, लेकिन अब इंदौर में पूरी जीवनगाथा कैबिनेट के सभी सदस्यों के साथ देखने का अवसर मिला है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

# तीन हजार 867 करोड़ रुपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति

**इंदौर,** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष पर उनके आदर्शों और मूल्यों को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक इंदौर में राजवाड़ा के दरबार हॉल में हुई। मंत्रिपरिषद ने 3 हजार 867 करोड़ रुपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी। मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के युवाओं को रोज़गार से जोड़ने के लिए लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर प्रशिक्षण कार्यकम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी। इसमें युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जायेंगे। योजना में जरूरतमंद व्यक्ति बैंक ब्याज में एक हजार रुपये प्रतिवर्ष छूट के साथ पूरे जीवनकाल के लिए अधिकतम 10 हजार रुपये ऋण के ब्याज पर छूट प्राप्त कर सकेगा। प्रतिवर्ष योजना पर लगभग 100 करोड़ रुपये का व्यय किया जायेगा।




*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक इंदौर स्थित राजवाड़ा के दरबार हॉल में हुई*

## मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम - 2025

मंत्रिपरिषद ने 'मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम-2025' को स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। अधिनियम-2025 लागू होने के बाद 'महानगर योजना समिति' एवं 'महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण' का गठन किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश में 'इंदौर-उज्जैन-देवास-धार' एवं 'भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़)' के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा भारतीय संविधान में विहित प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों का क्षेत्रीय स्तर पर समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए 'महानगर योजना समिति' एवं 'महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण' के गठित करने के लिए घोषणा की गई थी। प्राधिकरण द्वारा 'महानगर क्षेत्र' के लिए विकास योजना प्रारूप तैयार कर महानगर योजना समिति से विकास योजना अनुमोदन हेतु राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा महानगर क्षेत्र की विकास योजना का अनुमोदन के बाद विकास योजना का क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। महानगर क्षेत्र की विकास योजना में ऐसे क्षेत्र की भौगोलिक आवश्यकता अनुसार शैक्षणिक, औद्योगिक, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में विकास हो सकेगा, जिससे कि रोज़गार एवं आर्थिक विकास संभव हो सकेगा।

मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन कार्यक्रम की वित्तीय वर्ष-2028-29 तक निरंतरता की स्वीकृति दी। इसमें आगामी 4 वित्तीय वर्षों 2025-26, 2026-27, 2027-28 और 2028-29 के लिए राज्यांश राशि 167 करोड़ 74 लाख रुपये और निकाय अंशदान राशि 59 करोड़ 31 लाख रुपये, कुल राशि 227 करोड़ 5 लाख रुपये का व्यय अनुमानित है। योजना में राशि का प्रयोग प्रदेश के नगरीय निकायों में सेप्टिक टैंक से निकलने वाले स्लज के परिवहन के लिए डी-स्लजिंग वाहन, सीवर लाइन की सफाई के लिए सफाई उपकरणों, ठोस अपशिष्ट के संग्रहण एवं परिवहन के लिए वाहन तथा नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई मित्रों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण एवं पीपीई किट के लिए अनुदान प्रदान कर तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जायेगा। नगरीय स्वच्छता की समस्त गतिविधियों को समेकित कर मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता कार्यक्रम का आरम्भ 28 अगस्त 2012 को किया गया था।

- **लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर प्रशिक्षण कार्यकम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति।**
- **मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम-2025 स्वीकृत।**
- **आचार्य शंकर संग्रहालय 'अद्वैत लोक' के निर्माण के लिए 2195 करोड़ रुपये से अधिक की पुनरीक्षित स्वीकृति।**
- **प्रदेश के 04 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण की स्वीकृति।**

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर को बढ़ाने, बेहतर वातावरण और महिलाओं के कामकाजी जीवन को आसान बनाने के लिए प्रदेश के 04 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण की स्वीकृति दी है। विक्रम उद्योगपुरी जिला उज्जैन, पीथमपुर सेक्टर-1 एवं 2 जिला धार, मालनपुर घिरौंगी (भिंड) एवं मंडीदीप (रायसेन) में कामकाजी महिला छात्रावासों अन्तर्गत कुल 26 हॉस्टलों और भवनों का निर्माण किया जायेगा। प्रत्येक में 222 बेड की क्षमता होगी। इस प्रकार कुल 5 हजार 572 बेड क्षमता के हॉस्टलों का निर्माण भारत सरकार के सहयोग से औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग अन्तर्गत एमपीआईडीसी लि. द्वारा किया जायेगा। भारत सरकार द्वारा 'स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेटस फॉर कैपिटल इंवेस्टमेंट 2024-25' स्कीम में वर्किंग वीमेन हॉस्टल का निर्माण किया जाना है।

वर्किंग वीमेन हॉस्टल्स में आधुनिक सुविधाएं, पर्याप्त पार्किंग, फूड कोर्ट और मनोरंजन तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थान उपलब्ध होगा। कामकाजी महिला छात्रावासों में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और नौकरी के अवसरों की उपलब्धता को प्राथमिकता दी जायेगी। रियायती दरों पर भोजन एवं न्यूनतम किराये पर बेड उपलब्ध कराया जायेगा।

## 'अद्वैत लोक' के निर्माण के लिए 2195 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित स्वीकृति

'ओंकारेश्वर में एकात्म धाम परियोजना अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों हेतु सूचकांक में छूट प्रदाय किये जाने और आचार्य शंकर संग्रहालय 'अद्वैत लोक' के निर्माण के लिए पुनरीक्षित लागत राशि 2195 करोड़ 54 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदाय की है। इस राशि से अद्वैत लोक (संग्रहालय), आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान, अद्वैत निलयम, परियोजना सूचना केंद्र, शंकर सेतु और अभय घाट का निर्माण किया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

फैक्ट फाइल

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का भारत के समग्र विकास के लिए स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत निर्माण का आह्वान

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन में आकार ले रहा "स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के समग्र विकास के लिए स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत निर्माण का आह्वान किया है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के इस संकल्प की सिद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चिकित्सा शिक्षा का विस्तार और उन्मुखीकरण हुआ है। प्रदेश में "स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत" निर्माण की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। इसमें गंभीर बीमारियों की पहचान और इलाज के लिए प्रभावी प्रयास किये गये हैं। प्रदेश में सिकल सेल, टीबी और अन्य बीमारियों से जंग के लिए अभियान जारी है। जिसके अच्छे परिणाम निकलकर आये हैं। राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन, टीबी मुक्त भारत अभियान, निरोगी काया अभियान में प्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। इसके लिए मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया है।

मुख्य बिन्दु

- प्रदेश में निक्षय भारत अभियान में 23 जिलों में 78.14 लाख नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई।
- उच्च रक्तचाप के 77.73 लाख, मधुमेह के 76.07 लाख, एनएएफएलडी के 33.94 लाख, ओरल कैंसर के 11.90 लाख, सर्वाइकल कैंसर के 3.38 लाख और स्तन कैंसर के 5.59 लाख नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई।
- प्रदेश में नए बने जिलों के अतिरिक्त सभी जिलों में क्षय रोग की जांच के लिए हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध।
- 21,992 टीबी मरीज चिन्हित, 28,664 निक्षय मित्र बने और 23,818 फूड-बास्केट वितरित।
- प्रदेश में हेल्थ केयर इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी-2025 लॉन्च।
- सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में 1.05 करोड़ स्क्रीनिंग हुई।
- 28,297 मरीजों का इलाज हुआ और 75.36 लाख कार्ड वितरित।
- बीएमएचआरसी भोपाल और एमजीएम इंदौर में 2 सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस उपलब्ध।
- संजय गांधी चिकित्सालय रीवा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू।
- प्रदेश के 52 डे-केयर में 42 प्रकार की कैंसर रोधी दवाएं उपलब्ध हैं।



## घर पहुंचकर दिया गया इलाज

दिसंबर-2024 के पल्स पोलियो अभियान में 36 लाख बच्चों को 99 प्रतिशत लक्ष्य के साथ पोलियो खुराक दी गई। 6 जनवरी 2025 से शुरू 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने अब तक 21 जिलों के 87 विकासखंडों के 1268 ग्रामों में 2.08 लाख रोगियों को सेवा दी है। अब प्रदेश में इमरजेंसी मरीजों के लिए एयर एम्बुलेंस भी उपलब्ध है। इस सेवा से अब तक 61 नागरिक लाभान्वित हुए हैं।

## अधोसंरचना विकास पर फोकस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में चिकित्सा शिक्षा में सतत विस्तार और उन्नयन हुआ है। प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज है। सत्र 2024-25 में 400 नई एमबीबीएस की सीटें उपलब्ध हुई हैं। आगामी वर्ष में 6 मेडिकल कॉलेज स्थापित होंगे। साथ ही पीपीपी मोड में 12 शासकीय कॉलेज भी स्थापित किये जायेंगे। 2300 और सीटों की वृद्धि संभावित है। सुपर स्पेशियलिटी सीटें 47 से बढ़कर 64 हुई हैं, जबकि नॉन-क्लीनिकल विषयों में 291 सीनियर रेजिडेंट पद सृजित हुए हैं। भोपाल और इंदौर मेडिकल कॉलेज एम्स की तर्ज पर उन्नत किए जा रहे हैं। प्रदेश में 13 नए नर्सिंग कॉलेज निर्माणाधीन है, शेष 27 जिलों में भी इनकी स्थापना प्रस्तावित है।

## आयुष्मान भारत में अग्रणी

अब तक 4.29 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योजना में 58 लाख लाभार्थियों को 8,757 करोड़ रुपये की सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। योजना में शामिल किए जाने के बाद से 40 लाख वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना कार्ड बनाकर मध्यप्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है।

## मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य

"मातृ शिशु संजीवन मिशन" और "अनमोल 2.0" प्रारंभ किये गए हैं। प्रदेश में MMR 173 से घटकर 80, NMR को 31 से 10 और IMR को 43 से 20 तक लाने का लक्ष्य तय किया गया हैं। अनमोल 2.0 के माध्यम से शत-प्रतिशत ट्रैकिंग, गर्भवती महिलाओं को जांच और पोषण आहार के लिए प्रेरित किया जाएगा, मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना और जननी सुरक्षा योजना के भुगतान को सुगम बनाया जाएगा।

## ब्लड बैंक और डायलिसिस सेवा

प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में ब्लड बैंक 278 ब्लॉक्स में से 118 में यूनिट संचालित हैं। साथ ही 67 ब्लॉकों में PPP मॉडल पर डायलिसिस यूनिट्स संचलित हो रही है। शेष में वर्ष 2028 तक ब्लड बैंक और डायलिसिस सेवा विस्तार की योजना है।

## नि:शुल्क दवाएं और जांच सेवाएं

प्रदेश के जिला अस्पतालों में 295 से बढ़ाकर 530 दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेडिकल कॉलेजों में 267, सामुदायिक केंद्रों पर 80 तरह की जांच सेवाएं उपलब्ध हैं। 14 जिलों में आईपीएचएल कार्यरत है। आईपीएचएल सेवा का विस्तार भी योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उज्जैन में 592.30 करोड़ रुपये से अटल मेडिसिटी का निर्माण कराया जा रहा है।

***शशांक मणि पांडे***

*(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)*




जस्टिस बी.आर. गवई

## भारत के 52वें सीजेआई बने

जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने 14 मई को भारत के 52वें चीफ जस्टिस (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जस्टिस गवई को सीजेआई पद की शपथ दिलाई। ज्ञात रहे कि सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, जस्टिस गवई का कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। सीजेआई गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दी गई प्रोफाइल के मुताबिक, जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। वह 23 नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।



जापान में

## विश्व का सबसे बड़ा मार्चिंग बैंड बना

दुनिया के सबसे बड़े बैंड के साथ परेड निकालने वाले दस्ते का खिताब जापान ने हासिल किया है। जापान के ओसाका-कान्साई एक्सपो-2025 के आयोजन स्थल पर बैंड के साथ 12,269 सदस्यों ने विशाल परेड निकाली। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम ने वहां पर मौजूद रहकर इस उपलब्धि की पुष्टि की। साथ ही इसे आधिकारिक मान्यता भी दी। अब तक के किसी भी मार्चिंग बैंड से यह संख्या कहीं अधिक है, जिससे यह बैंड विश्व का सबसे बड़ा मार्चिंग बैंड बन गया है।



नीरज चोपड़ा

## टेरिटोरियल आर्मी में बने लेफ्टिनेंट कर्नल

जेवलिन थ्रोअर और डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक प्रदान की गई है। द गजट ऑफ इंडिया के अनुसार, उनकी नियुक्ति 16 अप्रैल से प्रभावी हुई। हरियाणा के रहने वाले नीरज चोपड़ा इससे पहले भारतीय सेना में सूबेदार मेजर के पद पर थे। उल्लेखनीय है कि नीरज 26 अगस्त 2016 को सेना में नायब सूबेदार के पद पर जेसीओ के रूप में भर्ती हुए थे।



ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र

## ड्रोन के झुंड का मुकाबला करेगा

भारत ने गोपालपुर, ओडिशा की सीवर्ड फायरिंग रेंज में हार्ड-किल काउंटर-स्वार्म ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र का परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान इस सिस्टम ने सभी निर्दिष्ट प्रदर्शन लक्ष्यों को भेदने में सफलता प्राप्त की। आने वाले समय में यह सिस्टम एक साथ छोड़े जाने वाले ड्रोन के झुंड का खात्मा पलक झपकते ही कर देगा।




अनुराग भूषण

## स्वीडन में होंगे भारत के नए राजदूत

केन्द्र सरकार ने वरिष्ठ भारतीय विदेश सेवा अधिकारी अनुराग भूषण को स्वीडन में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है। वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं और जल्द ही अपना नया कार्यभार संभालेंगे। अनुराग भूषण वर्ष 1995 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं और विदेश नीति तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में उन्हें लंबा अनुभव प्राप्त है। गौरतलब है कि भारत और स्वीडन के संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहे हैं, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, व्यापार, निवेश, अनुसंधान और विकास तथा वैश्विक मुद्दों पर समान सोच पर आधारित हैं।



चिंपैंजी का संदेश

## उसकी ताल में होता है छिपा

केवल इंसान ही नहीं चिंपैंजी को भी सुर-ताल का ज्ञान है। यह बात एक नए अध्ययन में पता चली है। शोधकर्ताओं का कहना है कि चिंपैंजी गुस्से में पेड़ की जड़ों पर थपकियां नहीं मारते बल्कि यह उनके संवाद का तरीका है। ये थपकियां लंबी दूरी तक संवाद करने का एक तरीका है। यह खोज संकेत देती है कि ताल और संगीत इंसानों की तरह इन्हें भी पता है। हर चिंपैंजी का ड्रमिंग पैटर्न अलग होता है। शोध में यह भी पाया गया कि अफ्रीका के विभिन्न क्षेत्रों के चिंपैंजी अलग-अलग तरह की लय अपनाते हैं।



गुस्तावो एड्रियनजेन

## पेरू के प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा

पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूं। एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थीं, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।



जनरल ओलेग सल्युकोव

## रूस के थल सेना प्रमुख को हटाया गया

रूस के थल सेना प्रमुख जनरल ओलेग सल्युकोव को उनके पद से हटा दिया गया। यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता की बनती बिगड़ती प्रक्रिया के बीच इस नाटकीय बदलाव की चर्चा रूस के अलावा अन्य पश्चिमी देशों के अखबारों में प्रमुखता से की गई है। ओलेग सल्युकोव रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पुराने सहयोगी हैं। उन्होंने ही उन्हें थल सेना प्रमुख के पद से हटाने का फैसला किया। पुतिन का यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब रूस, यूक्रेन युद्ध और सैन्य रणनीति को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दबाव में है। सल्युकोव वर्ष 2014 से थल सेनाध्यक्ष के पद पर थे। अब उन्हें रूसी सुरक्षा परिषद में उप सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। जनरल सल्युकोव का कार्यकाल आधुनिक हथियारों के समावेश और रणनीतिक सुधारों के लिए जाना गया।



अजय कुमार

## पूर्व डिफेंस सेक्रेटरी यूपीएससी के चेयरमैन बने

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को अब नया नेतृत्व मिल गया है। केन्द्र सरकार ने देश के पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार को यूपीएससी का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। यह पद 29 अप्रैल को तब खाली हुआ था जब प्रीति सूदन का कार्यकाल समाप्त हो गया था। अब राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की मंजूरी के बाद अजय कुमार इस अहम पद की कमान संभालेंगे। अजय कुमार एक वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी हैं। वह वर्ष 1985 बैच के केरल कैडर के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 23 अगस्त 2019 से 31 अक्टूबर 2022 तक रक्षा सचिव के रूप में देश की सेवा की थी।



अनीता आनंद

## कनाडा की विदेश मंत्री नियुक्त

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। आनंद की विशेष जिम्मेदारी भारत के साथ संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने की होगी। नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद पहले परिवहन और रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। जनवरी में उन्होंने कहा था कि वह राजनीति को छोड़कर शिक्षा के क्षेत्र में लौटेंगी। लेकिन पिछले महीने हुए चुनाव में फिर से चुने जाने के बाद पीएम कार्नी ने उन्हें मंत्रिमंडल में वापस आने और विदेश मामलों का मंत्रालय संभालने के लिए राजी कर लिया। पीएम कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री पद पर नियुक्त करते हुए कहा कि उनका मिशन भारत के साथ लगभग टूट चुके संबंधों को फिर से स्थापित करना होगा।



जगद्गुरु रामभद्राचार्य और गुलजार

## ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने प्रसिद्ध कवि-गीतकार गुलजार और जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। गुलजार के नाम से मशहूर सम्पूर्ण सिंह कालरा को हिंदी सिनेमा में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। वह बेहतरीन उर्दू शायरों में से एक हैं। गुलजार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण समारोह में शामिल नहीं हो पाए। वहीं जगद्गुरु रामभद्राचार्य वर्तमान में चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक आचार्य हैं। 75 वर्षीय रामभद्राचार्य ने 240 पुस्तकें लिखी हैं। हालांकि, वह दृष्टिबाधित हैं। वर्ष 1961 में स्थापित भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय भाषाओं के प्रसिद्ध साहित्यकारों को दिया जाता है।



नेपाल में

## ग्लेशियर की मौत का मातम मना

एक हिमालयी ग्लेशियर को मृत घोषित किए जाने के बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। ग्लेशियोलॉजिस्ट और स्थानीय समुदायों ने नेपाल के याला ग्लेशियर के मृत होने पर शोक व्यक्त किया। ऐसा माना जाता है कि यह एशिया का पहला और दुनिया का तीसरा ऐसा ग्लेशियर बना है जिसका अंतिम संस्कार किया गया। यह घटना जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों की ओर एक सशक्त चेतावनी के रूप में देखी जा रही है। इससे पहले आइसलैंड के ओक ग्लेशियर को वर्ष 2019 में और मैक्सिको के आयोलोको ग्लेशियर को वर्ष 2021 में मृत घोषित किया गया था। याला ग्लेशियर का आकार वर्ष 1970 के बाद से 66 प्रतिशत तक सिकुड़ चुका था और 784 मीटर पीछे हट चुका था। अब इसे डेड ग्लेशियर घोषित किया गया है। यानी इसमें अब पर्याप्त बर्फ नहीं बची है। इसकी याद में नेपाल, भारत, भूटान और चीन के ग्लेशियर वैज्ञानिकों और स्थानीय समुदायों ने शोक सभा आयोजित की।




चुनाव आयोग

## यूनिक ईपीआईसी नंबर होगा जारी

भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में मतदाता सूची में दो दशकों से चली आ रही डुप्लीकेसी की समस्या को खत्म कर दिया है। निर्वाचन आयोग जल्द वोटरों को राष्ट्रीय यूनिक ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) नंबर जारी करेगा। इससे डुप्लीकेसी नहीं होगी। सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2005 से अलग-अलग मतदाता पंजीकरण अधिकारियों ने समान श्रृंखला का उपयोग किया, जिससे वोटर लिस्ट में डुप्लीकेसी हुई इसे दूर करने को मतदाता केंद्रों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों ने 99 करोड़ से अधिक वोटरों का डाटाबेस खंगाला।

## स्मृति शेष

### ऑस्ट्रेलिया में पहला तिहरा शतक जड़ने वाले बॉब नहीं रहे

ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट में पहला तिहरा शतक जड़ने वाले बॉब काउपर का 84 वर्ष की आयु में अज्ञात बीमारी के कारण निधन हो गया। काउपर ने वर्ष 1964 से 1968 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने पांच शतकों से 46.84 की औसत से 2,061 रन बनाए हैं। उन्होंने कामचलाऊ ऑफ स्पिन से 36 विकेट भी लिए हैं।



### गायिका गायत्री हजारिका का निधन

मशहूर असमिया गायिका गायत्री हजारिका का 44 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह विगत दो वर्षों से बीमार थीं। गायत्री को कोलन कैंसर हुआ था। ज्ञात रहे कि गायत्री हजारिका असमिया म्यूजिक इंडस्ट्री की मशहूर गायिका थीं। उनके लोकप्रिय गीतों में सरा पाते पाते फागुन नामे, राति राति मोर सोण और अहार दरै ओभोति आंतरि गला आदि गीत शामिल हैं।



### उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति मुजिका का निधन

उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। गुरिल्ला लड़ाके से राष्ट्रपति बने मुजिका को दुनिया ने सबसे विनम्र राष्ट्रपति कहा। वह वर्ष 2010 से 2015 तक राष्ट्रपति रहे। उन्होंने फार्महाउस में रहना, पुरानी बीटल कार चलाना और 90 प्रतिशत सैलरी दान करना चुना। वर्ष 1960 के दशक में विद्रोही समूह तुमामारोस से जुड़े मुजिका ने सैन्य शासन का विरोध किया और 14 साल जेल में बिताए।



### 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' स्टार सैमुअल का निधन

'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून', फियर द वाकिंग डेड और टेक्सास राइजिंग जैसी लोकप्रिय फिल्मों के अभिनेता सैमुअल फ्रेंच का 45 वर्ष की उम्र में टेक्सास में निधन हो गया। वह पिछले एक साल से कैंसर पीड़ित थे। उन्होंने डलास से अपनी अभिनय यात्रा शुरू की थी। उन्होंने पेगासस: पोनी विद अ ब्रोकन विंग, द प्रो बोनो वॉचमैन, ब्लड ड्राइट हैंडस जैसी फिल्मों में यादगार अभिनय किया।



*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail : eepwdkatani@mp.nic.in, Phone No. : 07622-224277

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./2025-26 कटनी, दिनांक : 15.05.2025

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अंतर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024 (भवन) तथा दिनांक 11.04.2025 (सड़क) समस्त संशोधन सहित कार्य हेतु निविदायें ऑनलाइन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें संबंधित कार्यालय में टेण्डर टाइम शेड्यूल के अनुसार खोली जावेगी।

| टेण्डर आई.डी. क्रमांक | जिला | एस.ओ.आर. | कार्य का प्रकार | आमंत्रण क्र. | अनु. लागत राशि (रु. लाख में) | कार्य की अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की संभावित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 1. सिजहरा से बम्हनगवां मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423580_1 | कटनी | 11.04.25 | सड़क | प्रथम | 324.67 | 324700/- | 15000/- | 08 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 2. इटौरा बगैचा टोला से घुड़हर मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423585_1 | कटनी | 11.04.25 | सड़क | प्रथम | 241.35 | 241500/- | 15000/- | 07 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 3. भखरवारा से पोंडी पिपरिया मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. एवं बड़ी डुंगरिया से छोटी डुंगरिया मार्ग लंबाई 1.90 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423586_1 | कटनी | 11.04.25 | सड़क | प्रथम | 432.86 | 432900/- | 15000/- | 08 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 4. मड़ई से जुगियाकांप मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423587_1 | कटनी | 11.04.25 | सड़क | प्रथम | 381.91 | 382000/- | 15000/- | 08 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 5. मवई सल्हना कमानिया गेट से सल्हना मार्ग लंबाई 3.65 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423588_1 | कटनी | 11.04.25 | सड़क | प्रथम | 326.00 | 326000/- | 15000/- | 08 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 6. निवार जरवाही घुघरा बिछिया मार्ग लंबाई 2.32 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423589_1 | कटनी | 11.04.25 | सड़क | प्रथम | 323.20 | 323200/- | 15000/- | 08 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 7. ग्राम कल्हरा में चंद्रिका प्रसाद गर्ग जी के घर से लेकर पी.एच.ई. पानी की टंकी के पास तक (मढैयन टोला) मार्ग निर्माण लंबाई 1.40 कि.मी. में विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423590_1 | कटनी | 11.04.25 | सड़क | प्रथम | 239.79 | 239800/- | 15000/- | 07 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 8. पठरा करहिया जोबीकला डबल गेट मार्ग लंबाई 1.90 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423591_1 | कटनी | 11.04.25 | सड़क | प्रथम | 194.81 | 194810/- | 12500/- | 04 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 9. लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रमांक 1 कटनी के अंतर्गत मार्गों के पुल-पुलियों में मरम्मत कार्य। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423594_1 | कटनी | 11.04.25 | सड़क | प्रथम | 16.91 | 33820/- | 2000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 10. कोर्ट बिल्डिंग एवं अन्य भवनों में अण्डर ग्राउण्ड टेंक, बोरवेल एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423595_1 | कटनी | 01.01.24 | भवन | प्रथम | 13.85 | 27700/- | 2000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 11. लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग बरही के अंतर्गत मार्गों के पुल-पुलियों में मरम्मत कार्य। | | | | | | | | |
| 2025_PWDRB_423596_1 | कटनी | 01.01.24 | भवन | प्रथम | 16.77 | 33540/- | 2000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | योग | 2512.12 | | | |

**निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपये 2512.12 लाख (पच्चीस करोड़ बारह लाख बारह हजार मात्र)**

उपरोक्त वेबसाइट में ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन बिड सबमिशन की **अंतिम तिथि 04.06.2025 सायं 17.30 बजे तक** निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचारपत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी**

जी-13038/50981/2025

## OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
## P.W.D. SAGAR, ZONE SAGAR

**Phone No. : 07582-220840, E-mail ID : cepwdsagar@mp.nic.in**

**NIT No. 07/2025-26** **Sagar, Date : 16.05.2025**

| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ई.डब्ल्यू.एस. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल पदों की संख्या | 3 | 4 | 4 | 3 | 1 | 15 |
| इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | |
| कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद | | | | | | 1 |

**मुख्य सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | Seat | | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 109616 | PUSHPENDRA HAJARI | M | UNR | | EWS |
| 2. | 104514 | ABHISHEK KUMAR SEN | M | UNR | | OBC |
| 3. | 109608 | PRAHLAD KURMI | M | OBC | | OBC |
| 4. | 106336 | KRISHN CHAND DWIVEDEE | M | EWS | | EWS |
| 5. | 113402 | SWARGUNJA SHARMA | F | UNRF | | UNR |
| 6. | 116046 | RAVINDRA KUMAR KORI | M | SC | | SC |
| 7. | 105130 | KRISHNA GOYAL | M | SC | | SC |
| 8. | 102804 | KESHAV DAWAR | M | ST | | ST |
| 9. | 115025 | VISHAL SHAKYA | M | SC | | SC |
| 10. | 113383 | MEGHA CHANDEL | F | OBCF | | OBC |
| 11. | 103793 | RAJENDRA | M | ST | | ST |
| 12. | 103834 | RAHUL MANDLOI/KISHOR SINGH | M | ST | | ST |
| 13. | 107544 | ANKITA GOSWAMI | F | OBCHO | अस्थिबाधित | OBC |
| 14. | 105864 | NEELU SAMSHERIYA | F | SCF | | SC |
| 15. | 104714 | HEMLATA MANDLOI | F | STF | | ST |

**अनुपूरक सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 111114 | SHUBHAM MISHRA | M | | UNR |
| 2. | 119196 | SACHIN AGRAWAL | M | | UNR |
| 3. | 118333 | SACHIN KAURAV | M | | OBC |
| 4. | 119039 | RANJEET SINGH JADAUN | M | | EWS |
| 5. | 118196 | NARESH KUMAR | M | | SC |
| 6. | 113216 | AMIT KUMAR ATHYA | M | | SC |
| 7. | 105980 | ADITI MISHRA | F | | UNR |
| 8. | 106110 | SHRUTI PATEL | F | | OBC |
| 9 . | 100748 | ANKIT DAMOR | M | | ST |
| 10. | 102009 | DAYARAM VASUNIA | M | | ST |
| 11. | 114129 | VANDANA DAWAR | F | | ST |
| 12. | 115141 | AMITABH HUSAIN | M | अस्थिबाधित | OBC |
| 13. | 100016 | SAPNA AHIRWAR | F | | SC |

**टीप :-**

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया जाना प्रावधानित है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरे जाने का प्रावधान प्रावधानित है।
3. महिलाओं/दिव्यांगजनों/भू.पू. सैनिकों के आरक्षित पदों पर चयन की प्रक्रिया म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार संपादित की गई है।
4. विज्ञापन एवं शुद्धिपत्र में विज्ञापित कुल पदों में से उल्लेखित मुख्य भाग 87 प्रतिशत हेतु विज्ञापित पद प्राचार्य द्वितीय श्रेणी हेतु विज्ञापित कुल पदों में से दिव्यांग श्रेणी हेतु आरक्षित पदों में से पर्याप्त संख्या में योग्य दिव्यांग अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने के कारण श्रवणबाधित दिव्यांग के 02 पद, दृष्टिबाधित दिव्यांग के 01 पद एवं बहु-दिव्यांग के 01 पद रिक्त रहे हैं। इसी प्रकार पद सहायक संचालक (तकनीकी) हेतु विज्ञापित कुल पदों में से दिव्यांग श्रेणी हेतु आरक्षित पदों में से पर्याप्त संख्या में योग्य दिव्यांग अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने के कारण श्रवणबाधित दिव्यांग के 01 पद रिक्त रहे हैं। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों में से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है। अतः उक्त पदों में से कुल 04 + 01 = 05 पद दिव्यांगजन के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए।
5. घोषित चयन परिणाम माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक एस.एल.पी. 12398/2023, एस.एल.पी. 8764/2023 एवं मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 7328/2023, याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 22659/2023, याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 10745/2024 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
6. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**सचिव**

**म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर**

जी-13268/51010/2025

कॅरियर की राहें

# बैंकों में कॅरियर के तेजी से बढ़ते अवसर

इन दिनों प्रकाशित हो रही रोज़गार अवसरों से संबंधित रिपोर्टों में बैंकिंग सेक्टर में तेजी से नौकरियां बढ़ने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। देश में राष्ट्रीयकृत और सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों के अलावा प्राइवेट सेक्टर और विदेशी बैंकों में भी बड़ी संख्या में नौकरियां निर्मित हो रही हैं। ऐसे में बैंकिंग सेक्टर युवाओं के लिए एक लोकप्रिय कॅरियर विकल्प बन गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि बैंक की जॉब न केवल स्थिरता और उच्च वेतन प्रदान करती है, बल्कि इसमें कॅरियर में प्रगति के भी अच्छे अवसर होते हैं। यदि हम बैंकिंग सेक्टर में पिछले पांच वर्षों में रिक्तियों का ग्राफ देखें तो पाते हैं कि बैंकों में क्लेरिकल पदों की तुलना में बैंक प्रोबेशनरी ऑफिसरों (बैंक पीओ) की अधिक मांग है।

### तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और तेजी से बढ़ता बैंकिंग सेक्टर

यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में भारत का बैंकिंग क्षेत्र आर्थिक प्रगति का एक स्तंभ है, जो पूंजी जुटाने, ऋण पहुंच का विस्तार करने और वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, वैसे-वैसे देश का बैंकिंग क्षेत्र बढ़ रहा है। हाल ही में प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। वर्ष 2025 के अंत तक भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उस समय देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़कर 4.187 ट्रिलियन डालर हो जाएगा और यह जापान की जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगा। इतना ही नहीं रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास की ऊंची दर से भारत की जीडीपी 2028 में बढ़कर 5.584 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी और भारत जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के उभरते हुए देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था और भारत का बैंकिंग सेक्टर सबसे तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

### नए दौर में डिजिटल बैंकिंग में भी बढ़े कॅरियर के मौके

निःसंदेह देश में डिजिटल बैंकिंग में तेजी से मौके बढ़ रहे हैं। तेज आर्थिक विकास, डिजिटलीकरण और 54.5 करोड़ से अधिक जनधन खातों के कारण बैंकों की भूमिका आम आदमी के लिए भी महत्वपूर्ण हो गई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि हाल के वर्षों में देश में डिजिटल बैंकिंग का तेजी से विस्तार हुआ है। वस्तुतः डिजिटल बैंक और ट्रेडिशनल बैंक एक ही प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करते हैं। इनमें बस फर्क यह होता है कि बैंक की ब्रांच की तरह डिजिटल बैंक की कोई फिजिकल बैंक नहीं होती। यह पूरी तरह से ऑनलाइन संचालित होता है और तकनीक की मदद से बैंक को ही ग्राहकों तक पहुंचाया जाता है। ऑनलाइन बैंकिंग पर्सनल बैंकिंग का रूप है जिसे हम इंटरनेट का उपयोग करके संचालित करते हैं।

### बैंकों में चयन के लिए भर्ती निकाय

देश में बैंकिंग नौकरी के लिए अलग-अलग बैंकिंग चयन मंडलों द्वारा परीक्षाएं आयोजित होती हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा किया जाता है। जहां भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहयोगी बैंकों में भर्ती के लिए परीक्षा होती है, वहीं रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा भी अपनी रिक्तियों के लिए अलग-अलग परीक्षा आयोजित की जाती हैं। बैंक लिपिक पद के लिए सामान्यतः स्नातक डिग्री 50 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है तथा 20 से 28 वर्ष तक की आयु सीमा निर्धारित है। बैंकों में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) पद के लिए सामान्यतः 55 फीसदी अंकों के साथ किसी भी स्ट्रीम में स्नातक डिग्री रखने वाले आवेदन कर सकते हैं। इन परीक्षाओं में शामिल होने के लिए 21 से 30 वर्ष की उम्र सीमा है। इन परीक्षाओं के मापदंड और योग्यता समय और बैंकों के अनुसार बदल भी सकती है। स्पेशलिस्ट ऑफिसर (एसओ) पद के लिए विशेष क्षेत्र में स्नातक (जैसे आईटी, एचआर, मार्केटिंग, आदि) या उस क्षेत्र में मास्टर्स डिग्री होनी चाहिए।

### बैंक चयन परीक्षाओं का पैटर्न और परीक्षाओं के चरण

देश में ज्यादातर बैंक क्लर्क परीक्षाओं के तहत प्रारंभिक (प्री एग्जाम) और मुख्य परीक्षा (मेंस एग्जाम) के चरण से गुजरना होता है। दोनों ही परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में होती हैं। बैंक पीओ परीक्षा के लिए तीन चरण हैं- प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और समूह चर्चा तथा साक्षात्कार। सामान्यतया बैंक पीओ प्रारंभिक परीक्षा में मात्रात्मक योग्यता के अन्तर्गत एज, एवरेज, नंबर सिस्टम, सिम्पलीफिकेशन, रेशो प्रपोशन, पार्टनरशिप, प्रॉफिट एंड लॉस के प्रश्न पूछे जाते हैं। इसके साथ तर्क ज्ञान क्षमता के अन्तर्गत पजल्स, ब्लड रिलेशन, सिलोसिज्म, लॉजिकल वेन डायग्राम और सिटिंग अरेजमेंट के प्रश्न पूछे जाते हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस परीक्षा में इंग्लिश के भी प्रश्न पूछे जाते हैं। जो वर्ड पावर, एन्टोनियम-सिनोनियम, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन और क्लोज पेसेज से संबंधित होते हैं। सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) प्रकार के होते हैं। सामान्यतः प्रारंभिक परीक्षा में विज्ञापित किए गए कुल पदों की संख्या के 10 गुना उम्मीदवारों का शार्ट लिस्ट करके मुख्य परीक्षा के लिए बुलाया जाता है। मुख्य परीक्षा में वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक दोनों प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं। मुख्य परीक्षा के वस्तुनिष्ठ खंड में तर्कशक्ति, डाटा विश्लेषण, सामान्य जानकारी, अंग्रेजी भाषा, विपणन तथा कम्प्यूटर से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। जबकि वर्णनात्मक परीक्षा में अंग्रेजी भाषा के प्रश्न होते हैं। इसमें मैथ्स, रीजनिंग, इंग्लिश, जनरल अवेयरनेस और कम्प्यूटर प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें हायर लेवल के ही स्टेटमेंट बेस्ड प्रश्न, पजल्स, इनपुट आउटपुट, सिलोसिज्म के प्रश्न पूछे जाते हैं। करंट अफेयर, बैंकिंग तथा सोशल इकोनॉमी से संबंधित प्रश्न भी इस खंड में आते हैं। मुख्य परीक्षा में कम्प्यूटर का बेसिक और एडवांस दोनों का भी ज्ञान परखा जाता है। कुल पदों की संख्या के तीन गुना उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा में शॉर्ट लिस्ट करके ग्रुप डिस्कशन तथा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। फिर मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार के अंकों के आधार पर अंतिम परिणाम जारी किए जाते हैं।

### बैंकिंग सेक्टर में कॅरियर के लिए जरूरी स्किल्स

बैंकिंग सेक्टर में कॅरियर के लिए बैंकिंग में रुचि, कम्प्यूटर का नॉलेज,धैर्य, परिश्रम क्षमता, नेतृत्व क्षमता, तनाव प्रबंधन, अंग्रेजी और डिजिटल स्किल्स के नॉलेज की बड़ी अहमियत है। इसके साथ तकनीकी कौशल के अलावा, पारस्परिक कौशल, संचार, संख्यात्मक और विश्लेषणात्मक कौशल, तार्किक तर्क और ग्राहक संबंधों की स्किल्स लाभप्रद हैं। चूंकि बैंकिंग सेक्टर में नीतियां और नियम लगातार बदलते रहते हैं, अतएव उन्हें अपडेट रखना भी जरूरी होता है। एमएस ऑफिस, एक्सेल और अन्य उपयोगी बैंकिंग सॉफ्टवेयर और टूल्स के बारे में जरूरी ज्ञान होना आवश्यक है। बैंक कर्मचारियों को ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं जैसे नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग आदि का ज्ञान होना चाहिए।

### कैसे बनाएं बैंकिंग सेक्टर में कॅरियर

निःसंदेह बैंकिंग सेक्टर में अच्छे वेतन के साथ प्रतिष्ठापूर्ण कॅरियर का मौका मिलता है। इस सेक्टर में कॅरियर बनाने के लिए विभिन्न बैंक परीक्षाओं की पैटर्न के अनुरूप तैयारी की जानी चाहिए। विगत वर्षों के पेपर्स पर निरंतर ध्यान देते हुए सिलेबस को समझकर एक टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई की जानी चाहिए। सफलता में मॉक टेस्ट महत्वपूर्ण होते हैं। यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि जब आप किसी बैंक भर्ती परीक्षा में अच्छी तैयारी करके चयनित हो जाएं, तो उसके बाद आप अपनी प्रतिभा, अपने परिश्रम और अच्छी डिजिटल स्किल्स का पूरा, उपयोग करते हुए बैंकिंग कॅरियर की ऊंचाइयों को अपनी मुट्ठी में लेने की पूरी संभावनाएं रखेंगे।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

योजना

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा : गरीब तथा कमजोर परिवारों के भविष्य और संबल का आधार

आमतौर पर हमारे जीवन में सब कुछ ठीक-ठाक ही चलता है। लेकिन यह भी सत्य है कि इस जीवन के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता, कब क्या हो जाये, अर्थात जीवन अप्रत्याशित है। एक पल में जीवन समाप्त हो सकता है और परिवार संकट में आ सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के गरीब से गरीब तबके की चिंता की और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू की। 9 मई 2015 को प्रारंभ हुई इस योजना का एक दशक पूर्ण हो चुका है। योजना में मात्र 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम में 2 लाख रुपये का जीवन बीमा प्रदान किया जाता है। यह राशि इतनी कम है कि श्रमिक श्रेणी का व्यक्ति भी इसे भर सकता है।

**प्रमुख बिन्दु**

- कम आय वाले समूहों को जीवन बीमा प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 में शुरू।
- मात्र 436 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का कवरेज।
- बचत खाते के साथ 18-50 वर्ष की आयु तक पात्रता तथा 55 वर्ष की आयु तक कवरेज।
- बिना किसी मेडिकल जांच के आसान नामांकन जो बैंकों, डाकघरों या ऑनलाइन किया जा सकता है।
- 23 करोड़ से अधिक लोग नामांकित।
- 9 लाख परिवारों को दावे प्राप्त हुए।
- लगभग 53 प्रतिशत महिलाएं और 74 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रमुख रूप से लाभ प्रदाय।

इसके कई उदाहरण है। देहाड़ी श्रमिक राजेश ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन किया था। अचानक उनकी मृत्यु होने पर उनकी पत्नी कमला की जिंदगी पर तो मानों पहाड़ टूट पड़ा। कमला को बड़ा आश्चर्य हुआ जब पति राजेश की मृत्यु के कुछ दिनों बाद बीमा एजेंट उनके पास आया और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन की जानकारी दी साथ में मुआवजे के रूप में 2 लाख रुपये की राशि प्रदान की। मात्र 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम के बदले में मिलने वाली इस राशि ने कमला को संकट की घड़ी में उठ खड़ा होने का संबल दिया। देशभर में ऐसी कई कहानियां हैं जिसमें इस योजना से गरीब वर्ग के लोगों के जीवन में बदलाव आया है। संकट की घड़ी में मिलने वाले इस लाभ से देश के बड़े वर्ग को भी सहयोग मिला है।

योजना के तहत अब तक देश भर के लगभग 23 करोड़ से अधिक लोगों का नामांकन हुआ है। बीमा दावे के 9 लाख से अधिक लोगों को 18,102.78 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गयी है। इस योजना के क्रियान्वयन को देखते हुए यह बात स्पष्ट है कि गरीबों और वंचितों को जीवन बीमा सुलभ करने वाली यह योजना अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस योजना की घोषणा वर्ष 2015 के केंद्रीय बजट में की गयी थी। इसकी आवश्यकता तब महसूस हुई जब यह बात निकलकर आयी कि देश की मात्र 20 प्रतिशत आबादी के पास ही किसी तरह का बीमा कवरेज है।

### योजना का उद्देश्य

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का उद्देश्य पूरे देश में जीवन बीमा तक पहुंच बढ़ाना है। यह एक वर्ष की जीवन बीमा पॉलिसी प्रदान करती है, जिसे प्रति वर्ष नवीनीकृत किया जा सकता है। इसमें किसी भी कारण से मृत्यु के मामले में कवरेज प्रदान किया जाता है।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की विशेषताएं

- व्यक्ति की मृत्यु (किसी भी कारण से) होने पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवरेज प्रदान किया जाता है।
- प्रीमियम राशि केवल रुपये 436 प्रति वर्ष ग्राहक के बैंक या डाकघर खाते से अपने आप डेबिट हो जाती है।
- नामांकन के लिए आयु 18 से 50 वर्ष होनी चाहिए, 50 वर्ष से पहले जुड़ने वालों के लिए कवरेज 55 वर्ष की आयु तक जारी रहता है।
- आवेदक के पास बचत बैंक खाता या डाकघर खाता होना चाहिए।
- प्रत्येक वर्ष 1 जून से 31 मई तक कवरेज अवधि के साथ नवीनीकरण होता है।
- योजना के लिए नामांकन बैंक शाखाओं, डाकघरों या ऑनलाइन उपलब्ध है। सहमति और बुनियादी केवायसी आवश्यक है।

### नामांकन प्रक्रिया क्या है

- नामांकन सभी पात्र खाताधारक कर सकते हैं।
- योजना में कोई मेडिकल जांच नहीं होती, संपूर्ण प्रक्रिया सरल और परेशानी मुक्त है।
- यह योजना मृत्यु के सभी कारणों को कवर करती है, जिसमें प्राकृतिक, आकस्मिक और प्राकृतिक आपदाओं या महामारी के दौरान हुई मृत्यु भी शामिल है।
- यदि आप मध्य वर्ष में नामांकन करते हैं तो आप केवल शेष महीनों के लिए भुगतान करेंगे।

### एक रुपये 20 पैसे प्रतिदिन बचत में भविष्य सुरक्षित

देश के लाखों गरीब तथा वंचित परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मात्र एक पॉलिसी नहीं है, यह उम्मीद की वह किरण है जो उनके सबसे बुरे समय में सम्मान और संबल लेकर आती है। किसी गांव का श्रमिक हो, छोटा किसान हो, महानगर में रेहड़ी पटरी का व्यवसायी हो या फिर दिहाड़ी मजदूर हो। इन सभी के परिवार का भविष्य इस योजना से सुरक्षित हो गया है। एक दिन में मात्र एक रुपये 20 पैसे और वर्ष भर में 436 रुपये की बीमा राशि अदा करना है। इस योजना ने विशेष रूप से महिलाओं और ग्रामीण परिवार के लोगों को सशक्त बनाया है। योजना के तहत 53 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं और 72 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी देश के ग्रामीण क्षेत्र से है।

### एक दशक की उपलब्धि

एक दशक पूर्व प्रारंभ की गई इस योजना में लगभग 23.36 करोड़ व्यक्तियों का नामांकन हो चुका है और कुल 9,37,524 दावे प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 9,05,139 दावों का सफलतापूर्वक निपटान किया गया है, जिसकी राशि 18,102.78 करोड़ रुपये है। दस वर्षों में 23 करोड़ से अधिक भारतीयों को कवर किया गया है और 9 लाख से अधिक परिवारों को किसी प्रियजन की मृत्यु के बाद समय पर वित्तीय सहायता मिली है।

अपने पहले दशक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ने देश में जीवन बीमा के परिदृश्य को बदल दिया है। यह योजना सामाजिक सुरक्षा का एक स्तंभ बन गई है। गरीबों और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए, यह सिर्फ एक पॉलिसी नहीं है, भविष्य की सुरक्षा, सम्मान और गरीबी से लड़ने का एक साधन है। जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है यह योजना गरीब परिवारों के जीवन को बदलने के लक्ष्य को प्राप्त कर रही है।

- हितेश शर्मा
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

# जॉब अलर्ट

### लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी

**पद का नाम** - सहायक, अपर डिवीजन क्लर्क, स्टेनोग्राफर ग्रेड-I, डाटा एंट्री ऑपरेटर (ग्रेड-सी), रेडियोग्राफर, शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक, ऑफसेट मशीनमैन, स्टाफ कार ड्राइवर ग्रेड-I, हलवाई सह रसोइया
**पदों की संख्या** - 10
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 02 जून, 2025
**वेब.** - https://www.lbsnaa.gov.in

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमि.

**पद का नाम** - ट्रेड अप्रेंटिस, टेक्निशियन अप्रेंटिस
**पदों की संख्या** - 1770
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 02 जून, 2025
**वेबसाइट** - https://iocl.com

### आईएचबी लिमिटेड

**पद का नाम** - डिप्टी मैनेजर, सीनियर इंजीनियर, इंजीनियर, ऑफिसर (फाइनेंस, एचआर)
**पदों की संख्या** - 25
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 05 जून, 2025
**वेबसाइट** - https://www.ihbl.in

### आईआरईएल इंडिया लिमिटेड

**पद का नाम** - ग्रेजुएट अप्रेंटिस, टेक्निशियन अप्रेंटिस, ट्रेड अप्रेंटिस
**पदों की संख्या** - 25
**योग्यता** - ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए बीटेक, टेक्निशियन अप्रेंटिस के लिए डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग और ट्रेड अप्रेंटिस के लिए आईटीआई
**अंतिम तिथि** - 31 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://www.irel.co.in

### इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

**पद का नाम** - टेक्निशियन ग्रेड-II
**पदों की संख्या** - 45
**योग्यता** - किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक उत्तीर्ण या संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र धारक हो
**अंतिम तिथि** - 05 जून, 2025
**वेबसाइट** - https://www.ecil.co.in

### संघ लोक सेवा आयोग

**पद का नाम** - अनुसंधान अधिकारी, उप अधीक्षक पुरातत्व वास्तुकार, प्रोफेसर, वैज्ञानिक अधिकारी, सहायक प्रोफेसर, महिला चिकित्सा अधिकारी, वैज्ञानिक 'बी', सहायक निदेशक, सहायक खनन अभियंता, सहायक अनुसंधान अधिकारी, वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक, इंजीनियर और जहाज सर्वेक्षक, प्रशिक्षण अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी
**पदों की संख्या** - 84
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 29 मई, 2025
**वेब.** - https://upsconline.gov.in

### राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, इसरो

**पद का नाम** - वैज्ञानिक/ इंजीनियर (वन एवं पारिस्थितिकी, भू-सूचना, भू-विज्ञान, भू-भौतिकी, शहरी अध्ययन, जल संसाधन)
**पदों की संख्या** - 31
**योग्यता** - संबंधित विषय में न्यूनतम बीएससी या समकक्ष डिग्री
**अंतिम तिथि** - 30 मई, 2025
**वेब.** - https://www.nrsc.gov.in

### राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला

**पद का नाम** - जूनियर स्टेनोग्राफर, जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट
**पदों की संख्या** - 21
**योग्यता** - कक्षा बारहवीं या इसके समकक्ष उत्तीर्ण हो तथा अन्य आवश्यक योग्यताएं
**अंतिम तिथि** - 30 मई, 2025
**वेबसाइट** - https://nml.res.in

### भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद

**पद का नाम** - प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर
**पदों की संख्या** - 16
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 02 जून, 2025
**वेब.** - https://www.icmr.gov.in

### भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड

**पद का नाम** - इंजीनियर-आईटीएस (इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम)
**पदों की संख्या** - 49
**योग्यता** - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/ कम्प्यूटर साइंस/इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन/ इलेक्ट्रिकल/इंस्ट्रूमेंटेशन/डाटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में इंजीनियरिंग की डिग्री
**अंतिम तिथि** - 02 जून, 2025
**वेबसाइट** - https://ihmcl.co.in

### केंद्रीय रेशम बोर्ड

**पद का नाम** - वैज्ञानिक 'बी'
**पदों की संख्या** - 36
**योग्यता** - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान या कृषि विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर डिग्री
**अंतिम तिथि** - 05 जून, 2025
**वेबसाइट** - https://csb.gov.in

# एडमिशन अलर्ट

### इंडो स्विस प्रशिक्षण केंद्र

**पाठ्यक्रम का नाम** - मैकेनिकल इंजीनियरिंग (टूल एंड डाई) में डिप्लोमा, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा, डाई एंड मोल्ड मेकिंग में एडवांस डिप्लोमा, मेकाट्रॉनिक्स एंड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन में एडवांस डिप्लोमा
**योग्यता**- गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के साथ 10वीं या समकक्ष कक्षा उत्तीर्ण हो
**अंतिम तिथि** - 05 जून, 2025
**वेबसाइट** - https://istc.ac.in

### इंडो जर्मन टूल रूम

**पाठ्यक्रम का नाम** - टूल में एडवांस डिप्लोमा एंड मेकिंग, मेकाट्रॉनिक्स में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स इन मशीनिस्ट
**सीट की संख्या** - कुल 280
**योग्यता** - गणित एवं विज्ञान विषय के साथ 10वीं या समकक्ष कक्षा में 60 प्रतिशत अंक
**अंतिम तिथि** - 22 जून, 2025
**परीक्षा तिथि** - 29 जून, 2025
**वेबसाइट** - https://www.igtr-aur.org

**हमारी नदियां**

# मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण नदी चंबल

**मध्यप्रदेश की धरती को प्रकृति ने नदियों की विपुलता से समृद्ध किया है। इसलिए प्रदेश को नदियों का मायका कहा जाता है। नदियां जीवन और प्रकृति संवर्धन का आधार है। नदी तट पर कई संस्कृतियों का निर्माण और विकास हुआ है। जल-जीवन की इस विरासत से आपको परिचित करवाने के लिए रोज़गार और निर्माण में मध्यप्रदेश की नदियां स्तम्भ शुरू किया है। इस अंक में प्रस्तुत है मध्यप्रदेश की चंबल नदी का परिचय –**



चंबल नदी मध्यप्रदेश की बड़ी और महत्वपूर्ण नदी है। यह मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्यों से होकर गुजरती है। यह नदी अपनी अनोखी विशेषताओं और महत्व के लिए जानी जाती है। इसकी उत्पत्ति इंदौर जिले की महू तहसील में विंध्य पर्वत से हुई है। इसका उल्लेख कई पुराणों में मिलता है। महाभारत में इसे पुण्या और भागवत, मार्केण्डेय, वायु, ब्रह्मांड, मत्स्य तथा कूर्म पुराणों में इसे चर्मण्वती कहा गया है। यह नदी जैव विविधिता, पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक महत्ता के लिए जानी जाती है। चंबल नदी के किनारे कई ऐतिहासिक तथा धार्मिक तीर्थ स्थल है। चंबल नदी तथा नदी क्षेत्र के साथ कई पौराणिक महत्व जुड़े है। नदी 960 किलोमीटर लंबी है। जो कि मध्यप्रदेश में उत्तर दिशा में लगभग 346 किलोमीटर लंबाई तक बहती है।

### चंबल नदी का ऐतिहासिक महत्व

- **प्राचीन सभ्यता** - चंबल नदी के किनारे कई प्राचीन सभ्यताओं के अवशेष पाए गए हैं।
- **मध्ययुगीन महत्व** - चंबल नदी के किनारे कई मध्ययुगीन किले और शहर बसे हुए थे।
- **स्वतंत्रता संग्राम** - चंबल नदी के क्षेत्र में कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है।

### उद्गम और बहाव

चंबल इंदौर जिले की मऊ तहसील में विंध्यपर्वत की पहाड़ी से निकली है। उसके उद्गम पर एक तालाब और जनकेश्वर मन्दिर है। इसका बहाव उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर है। यह उज्जैन और रतलाम जिलों में बहती हुई मंदसौर जिले की दक्षिणी सीमा बनाती है। मध्यप्रदेश की सीमा छोड़ कर फिर चंबल नदी राजस्थान में प्रवेश करती है। राजस्थान में पहले कोटा जिले में पहुंचती है। पूर्व में यह बूंदी जिले की सीमा बनाती है। कोटा शहर में हर मौसम में चंबल में पानी रहता है। इसका पाट भी यहां बहुत चौड़ा है।

कोटा जिले के बाद चंबल नदी राजस्थान के बूंदी जिले में पहुंचती है तथा जिले की पूर्वी और दक्षिण सीमा बनाती है। इस जिले में चंबल का पाट 200 से 400 मीटर तक चौड़ा हो जाता है। कोटा से करीब 20 किलोमीटर और बूंदी से करीब 35 किलोमीटर दूर केशवराय पाटन नाम का प्राचीन स्थान चंबल के किनारे बसा है। कभी इस कस्बे का नाम राजा रन्तिदेव के नाम पर रन्तिदेव पाटन था।

राजस्थान के बाद चंबल एक बार फिर मध्यप्रदेश की ओर मुड़ जाती है। वह मुरैना जिले की उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी सीमा बनाती है। यह राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच की सीमा भी बनाती है।

मुरैना जिले के आगे चंबल, भिण्ड जिले की उत्तरी सीमा बनाती है। यहां यह सीमा पर करीब 60 किलोमीटर दूरी तक बहती है। भिण्ड और मुरैना, दोनों जिलों में चंबल के किनारे बहुत ऊंचे हैं। चंबल ने दोनों जिलों में किनारों की जमीन को दूर-दूर तक काट-छांट दिया है, इससे बड़ी-बड़ी दरारें और खाइयों का निर्माण हुआ। यह खाइयां बीहड़ों के नाम से जानी जाती है।

### चंबल नदी प्रवाह के दौरान इन राज्यों से गुजरती है

- **मध्यप्रदेश:** चंबल नदी मध्यप्रदेश के कई जिलों से होकर गुजरती है, जिनमें इंदौर, धार, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर और नीमच शामिल हैं।
- **राजस्थान:** चंबल नदी राजस्थान के जिन जिलों से होकर गुजरती है, उनमें कोटा, सवाई माधोपुर, करौली और धौलपुर शामिल हैं। इसके बाद चंबल नदी उत्तर प्रदेश में यमुना नदी में मिल जाती है।

### सहायक नदियां

चंबल की अनेक सहायक नदियां हैं। इनमें से मुख्य नदियां हैं दक्षिण दिशा से मिलने वाली शिप्रा, कालीसिंध, पार्वती और बेतवा। पश्चिम दिशा में, राजस्थान की ओर से, इसमें दो बड़ी नदियां आकर मिलती है इनमें से एक है मैज नदी और दूसरी है बनास। बनास और चंबल का संगम रामेश्वर संगम कहलाता है। इस संगम को बहुत पवित्र माना जाता है। भिण्ड से आगे चंबल उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में प्रवेश करती है। वह कुछ दूरी तक जिले की पश्चिमी सीमा बनाती है। फिर दक्षिण सीमा के पास वह यमुना नदी में मिल जाती है।

### चंबल घाटी योजना

देश के विकास के लिये, आजादी के बाद नदी घाटी योजनाओं का विकास किया जा रहा है चंबल नदी पर, मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा पर एक विशाल बांध बनाया गया था। इसका नाम गांधीसागर बांध है। इस बांध से एक विशाल झील का निर्माण किया गया है, जिससे लाखों एकड़ जमीन में सिंचाई की जा रही है। इसमें बिजली का उत्पादन भी किया जा रहा है। गांव-गांव में बिजली पहुंच गयी है और इससे खेती में भी सहायता मिल रही है। कोटा जिले में राणा प्रताप सागर बांध और कोटा बांध बनाये गये हैं इनसे भी सिंचाई की जा रही है। और बिजली का उत्पादन हो रहा है। चंबल के पुण्य से मध्यप्रदेश का पश्चिमी भू-भाग, खेती से हरा-भरा हो रहा है।

### चंबल नदी महत्वपूर्ण तथ्य

- **उत्पत्ति:** चंबल नदी मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू के पास स्थित विंध्याचल पर्वतमाला से निकलती है।
- **प्रवाह:** यह नदी मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्यों से होकर गुजरती है, जिनमें कोटा, सवाई माधोपुर और धौलपुर जैसे शहर शामिल हैं।
- **संगम:** चंबल नदी यमुना नदी में मिलती है, जो आगे जाकर गंगा नदी में मिल जाती है।
- **महत्व:** चंबल नदी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जल संसाधन है, जो कृषि, पेयजल और अन्य उपयोगों के लिए जल प्रदान करती है।
- **बीहड़ क्षेत्र:** चंबल नदी मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीहड़ क्षेत्रों से होकर गुजरती है, जो अपनी अनोखी भौगोलिक संरचना के लिए जाने जाते हैं।
- **घड़ियाल:** चंबल नदी में घड़ियाल और डॉल्फिन जैसी दुर्लभ प्रजातियों का निवास है, जो इसकी जैव विविधता को दर्शाता है।
- **पारिस्थितिकी महत्व:** चंबल नदी के आसपास के क्षेत्र में विविध वनस्पतियों और जीव-जन्तुओं की प्रजातियां पाई जाती हैं, जो इसकी पारिस्थितिकी को महत्वपूर्ण बनाती हैं।
- **कृषि और पेयजल:** चंबल नदी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जल संसाधन है, जो कृषि, पेयजल और अन्य उपयोगों के लिए जल प्रदान करती है।
- **ऐतिहासिक महत्व:** चंबल नदी के किनारे कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल हैं, जो इसकी सांस्कृतिक महत्ता को दर्शाते हैं।

**- देवेन्द्र गोरे**

(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)




## खेलो इंडिया के तहत होगी कई खेलों की शुरुआत

**नई दिल्ली,** खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया पहल के दायरे को व्यापक बनाने की घोषणा की है, जिसमें इस वर्ष से स्कूली खेल, मार्शल आर्ट, तटीय खेल और 'वाटर स्पोर्ट्स' शामिल होंगे। खेलो इंडिया का वार्षिक कैलेंडर लॉन्च करते हुए खेल मंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही खेलो इंडिया खेलो और अन्य प्रतियोगिताओं की एक सीरीज शुरू करेगी, जिसमें खेलो इंडिया 'नॉर्थ-ईस्ट गेम्स' भी शामिल हैं। खेल मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना, जमीनी स्तर पर प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देना और प्रतिभाओं की पहचान के लिए रणनीतिक कार्यक्रम प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया वार्षिक कैलेंडर केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति में बदलने के लिए भारत की घरेलू प्रतियोगिता संरचना को मजबूत करने वाला एक रणनीतिक खाका है।

दोहा डायमंड लीग

# नीरज ने फेंका 90 मीटर पार भाला

**दोहा,** भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में नया इतिहास रच दिया है। नीरज ने दोहा डायमंड लीग-2025 में 90.23 मीटर का थ्रो करके 90 मीटर की बाधा को पार कर लिया है। नीरज ऐसा करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने अपने कॅरियर का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इससे पहले नीरज चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.49 मीटर का था, जो उन्होंने स्टॉकहोम डायमंड लीग-2022 में किया था।

प्रतियोगिता में नीरज ने अपने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर की दूरी तय की। अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के बावजूद नीरज को स्पर्धा में दूसरे नंबर पर रहकर संतोष करना पड़ा। दोहा डायमंड लीग-2025 में जर्मनी के खिलाड़ी जूलियन वेबर 91.06 मीटर के साथ नंबर वन रहे। वेबर ने प्रतियोगिता के अपने आखिरी प्रयास में यह दूरी तय की।



**एथलेटिक्स की प्रतियोगिता है डायमंड लीग**

डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) की एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह प्रतियोगिता हर वर्ष दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित की जाती है। डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर वर्ष मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पॉइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पॉइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पॉइंट्स काउंट होते हैं।

**तीसरे एशियाई एथलीट बने नीरज**

भाला फेंक में 90 मीटर से अधिक का थ्रो करने वाले नीरज तीसरे एशियाई एथलीट बन गए हैं। इसके अलावा, वे ऐसा करने वाले दुनिया के 25वें भाला फेंक एथलीट बने हैं। नीरज से पहले पाकिस्तान के अरशद नदीम ने पेरिस ओलिंपिक में 92.97 मीटर भाला फेंका था, जबकि चीनी ताइपे के चाओ-त्सुन चेंग ने एशियन चैंपियनशिप-2017 में 91.36 मीटर का स्कोर किया था।

**डायमंड लीग में शानदार रहा है नीरज का प्रदर्शन**

डायमंड लीग प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। नीरज वर्ष 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका था, लेकिन चैंपियन बनने से 0.01 मीटर दूर रहे। प्रतियोगिता में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने पहले अटेम्प्ट में 87.87 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक कर पहला स्थान हासिल किया था।

## इंग्लैंड दौरे पर इंडिया-ए की कप्तानी करेंगे अभिमन्यु

**मुंबई,** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए अभिमन्यु ईश्वरन को इंडिया-ए टीम की कमान सौंपी है। घरेलू क्रिकेट में रन का अंबार लगाने वाले करुण नायर को भी इंडिया-ए टीम में जगह मिली है। टीम में यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर और सरफराज खान जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। दिग्गज बल्लेबाज शुभमन गिल और साईं सुदर्शन दूसरे मैच से इंडिया-ए टीम से जुड़ेंगे। बीसीसीआई ने कहा कि इस दौरे पर इंडिया-ए और इंग्लैंड-ए के बीच दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

## बार्सिलोना ने 28वीं बार जीता स्पेनिश लीग खिताब

**बार्सिलोना,** बार्सिलोना ने एस्पान्योल को 2-0 से हराकर अपना 28वां स्पेनिश लीग (ला लीगा) खिताब जीत लिया। बार्सिलोना के लिए 17 वर्षीय लामिने यामल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई। मैच का पहला गोल यामल ने 53वें मिनट में किया। इसके बाद बार्सिलोना के ही फेरमिन लॉपेज ने इंजरी टाइम (90+5 मिनट) में गोल कर बार्सिलोना की बढ़त को दोगुना कर दिया। प्रतियोगिता में बार्सिलोना ने दो मैच बाकी रहते हुए ही खिताब अपने नाम कर लिया है।

# प्रगाननंदा ने जीता सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट

**बुखारेस्ट,** भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर आर. प्रगाननंदा ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक-2025 का खिताब जीत लिया है। यह ग्रैंड चेस टूर में प्रगाननंदा की पहली खिताबी जीत है। इस जीत के लिए उन्हें 77,667 डॉलर (यानी 66.48 लाख रुपये) और ग्रैंड चेस टूर के 10 अंक मिले। सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट में प्रगाननंदा की खिताब जीतने तक की राह काफी मुश्किल रही। उन्होंने अलीरज़ा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेऑफ मैच जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम किया। टूर्नामेंट में नौ दौर के बाद प्रगाननंदा, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे, जिसके बाद फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ।

प्रगाननंदा के साथ वाचियर-लाग्रेव और फिरोजा दोनों ने अपने आखिरी राउंड के गेम जीते, जिससे टाईब्रेक से पहले तीनों खिलाड़ी पहले स्थान पर बराबरी पर पहुंचे।



टाइब्रेक में पहले दो गेम (प्रगाननंदा-फिरोजा और वाचियर-लाग्रेव-फिरोजा) की बराबरी पर खत्म हुए।

तीसरे गेम में प्रगाननंदा विजेता बने। पहले स्थान के लिए बराबरी करने वाले बाकी दो खिलाड़ियों से आगे रहने के लिए उन्हें एक्स्ट्रा 10 हजार डॉलर का बोनस भी मिला। ये तीसरा प्लेऑफ रहा, जो कि ग्रैंड चेस टूर में पिछले पांच वर्ष में हुआ।

सुपरबेट चेस क्लासिक टूर्नामेंट जीतने के बाद प्रगाननंदा ने कहा कि 'अविश्वसनीय अनुभव। बुखारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता। मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसला अफजाई करने के लिए धन्यवाद।'

## भारत ने जीता सैफ अंडर-19 फुटबॉल टूर्नामेंट

**ईटानगर,** भारतीय जूनियर फुटबॉल टीम ने एक बार फिर सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैम्पियनशिप में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। टूर्नामेंट के फाइनल में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 4-3 से हराया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच में भारतीय टीम ने धैर्य और साहस का परिचय देते हुए बेहतरीन खेल दिखाया। मैच के दूसरे मिनट में ही सिगमयूम शामी ने शानदार गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। मैच के दूसरे हाफ में बांग्लादेश ने पलटवार किया और 61वें मिनट में मोहम्मद जाय अहमद के गोल के जरिए मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने के बाद मैच पेनाल्टी शूटआउट में गया। पेनाल्टी शूटआउट में भारत के मोहम्मद अरबाश, एन. ऋषि सिंह, जोड्रिक अब्रांचेस और सिगमयूम शामी ने गोल किए, जबकि बांग्लादेश के लिए तीन खिलाड़ी ही गोल कर सके। उल्लेखनीय है कि भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता है।

# अलकराज ने जीता इटैलियन ओपन

**रोम,** स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने जेनिक सिनर को हराकर पहली बार इटैलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अलकराज ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जेनिक सिनर को सीधे सेटों में 7-6 (5), 6-1 से मात देकर फ्रेंच ओपन के लिए मजबूत दावा ठोक दिया है।

डोपिंग विवाद के बाद घरेलू दर्शकों के सामने वापसी कर रहे सिनर ने पहले सेट में दमदार खेल दिखाया और अलकराज को कड़ी टक्कर दी, इसके बावजूद अलकराज ने पहले सेट में दो सेट प्वाइंट बचाए और टाईब्रेक जीतकर सिनर की 26 मैचों की जीत की लय तोड़ दी।

**महिला वर्ग में पाओलिनी बनीं विजेता**

इटली की महिला टेनिस खिलाड़ी जैस्मिन पाओलिनी ने इटैलियन ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में पाओलिनी ने अमेरिका की कोको गॉफ को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराया। पाओलिनी का क्ले कोर्ट पर यह पहला और कुल तीसरा डब्ल्यूटीए एकल खिताब है। इसके अलावा 29 वर्षीय पाओलिनी यह खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी भी बन गई हैं। साथ ही पाओलिनी ने सारा ईरानी के साथ मिलकर टूर्नामेंट में महिला युगल खिताब भी जीता है।

## रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट रैंकिंग में रचा इतिहास

**मुंबई,** भारत के स्टार क्रिकेटर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में सबसे ज्यादा समय तक नंबर वन रहने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अब तक दुनियाभर में टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में कोई भी खिलाड़ी इतने समय तक नंबर वन ऑलराउंडर नहीं रहा है। टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा को नंबर वन बने 1152 दिन हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस उपलब्धि के लिए रवींद्र जडेजा को बधाई दी है। रवींद्र जडेजा टीम इंडिया के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में दमदार परफॉर्मेंस देते हैं। अब तक 80 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में जडेजा ने 3,370 रन बनाए हैं और 323 विकेट लिए हैं।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028

# देशभर में बनाएं जायेंगे ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर्स

**नई दिल्ली,** भारतीय खेल मंत्रालय वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत खेल मंत्रालय जापान की तर्ज पर देशभर में ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर्स बनाने जा रहा है। ये सेंटर्स कॉरपोरेट के सहयोग से बनाए जाएंगे। इनमें से 2-3 सेंटर्स की जिम्मेदारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लेगा।

खेल मंत्रालय ने कहा कि इस योजना पर काम इसी वर्ष से शुरू हो जाएगा। बीसीसीआई ने इस संबंध में खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। इस बैठक में कॉरपोरेट जगत के 58 मेंबर्स ने भी हिस्सा लिया।

खेल मंत्रालय ने बताया कि ओलंपिक खेलों के विकास के लिए कॉरपोरेट जगत की भागीदारी तय करने के लिए आयोजित इस बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलंपिक सेंटर्स खोलने का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें बीसीसीआई के उपाध्यक्ष श्री राजीव शुक्ला ने कहा कि बीसीसीआई दो-तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन-से होंगे।

**हर सेंटर में एक ओलंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग**

खेल मंत्रालय के अनुसार हर सेंटर में एक-एक ओलंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग होगी। लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 को ध्यान में रखकर इनमें उस खेल के 100 से 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक ही जगह पर आधुनिक ट्रेनिंग सुविधाएं और स्पेशलिस्ट मुहैया कराए जाएंगे। बताया जा रहा है कि मंत्रालय ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के ओलंपिक सेंटर्स से प्रेरणा ली है जहां से कई ओलंपिक मेडलिस्ट निकले हैं।

**पहले भी अन्य खेलों की मदद कर चुका है बीसीसीआई**

यह पहला मौका नहीं है, जब बीसीसीआई ने अन्य खेलों के विकास में योगदान दिया है। इससे पहले बोर्ड ने वर्ष 2008 में नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फंड में 50 करोड़ रुपये दिए थे। इतना ही नहीं, बोर्ड ने पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय ओलंपिक संघ को साढ़े आठ करोड़ रुपये दिए थे। इसके अलावा बोर्ड ने टोक्यो ओलंपिक-2020 के पदक विजेताओं को चार करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि भी दी थी।

- बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए चलाई जा रही टॉप्स योजना।
- इस योजना के तहत खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए मिलती हैं आधुनिक सुविधाएं।

## वर्स्टपिन ने चौथी बार जीती इमिलिया रोमाग्ना ग्रांप्री रेस

**इमोला,** नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर और फॉर्मूला-वन चैम्पियन मैक्स वर्स्टपिन ने लगातार चौथी बार इमिलिया रोमाग्ना फॉर्मूला-वन रेस जीत ली है। वर्स्टपिन ने इस रेस को एक घंटा 31 मिनट 33.199 सेकेंड में पूरा किया। वर्स्टपिन ने रेस की शुरुआत शानदार अंदाज में की और ऑस्कर पिएस्त्री को पछाड़कर रेस में बढ़त हासिल की। वर्स्टपिन ने इस बढ़त को अंत तक बरकरार रखा और रेस अपने नाम की। रेस में लेंडो नॉरिस दूसरे, ऑस्कर पिएस्त्री तीसरे, लुईस हैमिल्टन चौथे तथा एलेक्जेंडर एल्बोन पांचवें स्थान पर रहे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

# सामयिकी

## स्पेसएक्स ने कक्षा में प्रक्षेपित किए 26 उपग्रह



स्पेसएक्स ने 16 मई को फाल्कन 9 रॉकेट से अमेरिका के कैलिफोर्निया से 26 स्टारलिंक उपग्रहों को प्रक्षेपित किया। इस मिशन के साथ कंपनी ने इस वर्ष अपने एक हजार से अधिक ब्रॉडबैंड इंटरनेट उपग्रहों को प्रक्षेपित कर दिया है। मल्टीबिलियनेयर एलन मस्क के स्वामित्व वाली निजी अंतरिक्ष कंपनी के अनुसार उपग्रहों को कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से फाल्कन 9 रॉकेट पर समयानुसार सुबह 6:43 बजे प्रक्षेपित किया गया था।

## रोबोटिक्स शिक्षा अनिवार्य करने वाला केरल पहला राज्य बना

केरल नए शैक्षणिक वर्ष से दसवीं के सभी विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स शिक्षा अनिवार्य करने वाला भारत का पहला राज्य बन जाएगा। सूचना एवं प्रौद्योगिकी पाठ्यपुस्तक में रोबोटिक्स शामिल करने से छात्रों को आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से रोबोटिक्स अवधारणाओं की जानकारी मिलेगी। पहले खंड में 'रोबोट्स की दुनिया' नामक अध्याय से सर्किट निर्माण, सेंसर और एक्ट्यूएटर्स का उपयोग और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की मदद से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नियंत्रित करना शामिल है।

## एमनेस्टी इंटरनेशनल को रूस ने प्रतिबंधित किया

रूस ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समूह एमनेस्टी इंटरनेशनल को अवांछनीय संगठन करार देते हुए प्रतिबंधित कर दिया। ज्ञात रहे कि अवांछनीय संगठन के रूप में घोषित करने का फैसला वर्ष 2015 के कानून के तहत लिया गया है, जिसके तहत ऐसे संगठनों के साथ भागीदारी अपराध है। रूस के महा अभियोजक ने घोषित किया कि यह निर्णय क्रेमलिन के आलोचकों, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई का नया चरण है।

## बिखर रहा है दुनिया का सबसे बड़ा हिमखंड - नासा



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि अंटार्कटिका के पास दुनिया का सबसे बडा हिमखंड ए23ए टुकड़ों में बिखरने लगा है। इससे वहां रहने वाले पेंग्विन और इंसान खतरे में हैं। नासा के एक्वा सैटेलाइट ने मॉडिस कैमरे से जो तस्वीरें ली हैं, उनमें इस हिमखंड के उत्तरी हिस्से से बर्फीले टुकड़े अलग होते दिख रहे हैं, जिनका आकार 1400 वर्ग मील है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जिनेवा में वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के 78वें सत्र को संबोधित किया**

# विश्व का स्वास्थ्य इस पर निर्भर है कि सबसे कमजोर लोगों की हम कितनी अच्छी तरह देखभाल करते हैं- प्रधानमंत्री

- इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ असेंबली का विषय 'वन वर्ल्ड फॉर हेल्थ' है।
- यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के विजन के अनुरूप है।
- स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशन, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर है।
- वैश्विक दक्षिण विशेष रूप से स्वास्थ्य चुनौतियों से प्रभावित है।
- भारत का विजन अनुकरणीय, मापनयोग्य और टिकाऊ मॉडल प्रस्तुत करता है।
- जून में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है।





*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जिनेवा में वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के 78वें सत्र को ऑनलाइन संबोधित करते हुए*

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जिनेवा में वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के 78वें सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को इस वर्ष की थीम 'वन वर्ल्ड फॉर हेल्थ' को समझाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेशन, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। श्री मोदी ने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत पर कहा कि समावेशन भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है, जो 580 मिलियन लोगों को कवर करती है और मुफ्त उपचार प्रदान करती है।

इस कार्यक्रम को हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को कवर करने के लिए विस्तारित किया गया है। प्रधानमंत्री ने भारत के हजारों हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के व्यापक नेटवर्क के बारे में बताया जो कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की शुरुआती जांच करने के साथ-साथ इनका पता लगाने की सुविधा प्रदान करते हैं। उन्होंने हजारों सार्वजनिक फार्मेसियों की भूमिका के बारे में भी बताया, जो काफी कम कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं प्रदान करती हैं।

### वैश्विक भागीदारी को प्रोत्साहित किया

जून में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री ने वैश्विक भागीदारी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस वर्ष की थीम, 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' पर प्रकाश डाला और योग के जन्मस्थान के रूप में भारत की भूमिका पर जोर देते हुए सभी देशों को आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और सभी सदस्य देशों को आईएनबी संधि की सफल वार्ता के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे भविष्य में होने वाली महामारियों से लड़ने के लिए अधिक वैश्विक सहयोग के माध्यम से साझा प्रतिबद्धता के रूप में वर्णित किया। उन्होंने एक स्वस्थ धरती के निर्माण को महत्वपूर्ण बताने के साथ यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि कोई भी पीछे न छूटे।

### स्वास्थ्य व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि

प्रधानमंत्री ने कहा कि टेलीमेडिसिन के साथ, कोई भी मरीज अपने डॉक्टर से बहुत दूर नहीं है। उन्होंने भारत की मुफ्त टेलीमेडिसिन सेवा पर प्रकाश डाला, जिसने 340 मिलियन से अधिक परामर्शों को सक्षम किया है। भारत की स्वास्थ्य संबंधी पहलों के सकारात्मक प्रभाव के बारे में कहा कि कुल स्वास्थ्य व्यय के प्रतिशत के रूप में आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय में उल्लेखनीय गिरावट आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों की कितनी अच्छी तरह देखभाल करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक दक्षिण विशेष रूप से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से प्रभावित है।

## परमाणु ऊर्जा और दायित्व अधिनियम में हो सकता है संशोधन




सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले कानूनों में संशोधन पर विचार कर रही है। वह वर्ष 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने के लिये निजी भागीदारी की अनुमति देने के लिए ऐसा करना चाहती है। निजी क्षेत्र को अनुमति देने के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम में और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण के लिए उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं पर जवाबदेही तथा परमाणु क्षति के लिए अधिनियम में संशोधन पर विचार किया जा रहा है।

सरकार नियामक सुधारों पर भी विचार कर रही है और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इनस्पेस) का मूल्यांकन कर रही है, जो अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए प्रवर्तक और नियामक के रूप में कार्य करता है, जिसे वर्ष 2020 में निजी भागीदारी के लिए खोला था।

## सीबीएसई बोर्ड विद्यार्थी के चीनी सेवन पर रखेगा नजर

सीबीएसई ने अपने स्कूलों को बच्चों के चीनी सेवन पर नजर रखने और उसे कम करने के लिए शुगर बोर्ड बनाने का निर्देश दिया है।

बोर्ड ने पाया कि पिछले एक दशक में बच्चों में टाइप 2 मधुमेह के मामलों में वृद्धि हुई है। इसी वजह से सीबीएसई ने स्कूल प्राचार्यों को पत्र लिखकर बच्चों के शुगर इनटेक पर नजर रखने और उसे नियंत्रित करने की सलाह दी है। इसके अलावा स्कूलों को शुगर पर अवेयरनेस सेमिनार और वर्कशॉप आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके लिए शुगर बोर्ड बनाने की डेडलाइन 15 जुलाई तक रखी गई है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने माना, इजराइली सेना को युद्ध में एआई सर्विसेज दीं

माइक्रोसॉफ्ट ने स्वीकार किया है कि उसने गाजा में युद्ध के दौरान इजराइली सेना को एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं बेची थीं। उसने इजराइली बंधकों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने के प्रयासों में सहायता की। लेकिन कंपनी ने यह भी कहा कि उसे आज तक इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि उसके एज्योर प्लेटफॉर्म एवं एआई टेक का इस्तेमाल गाजा में लोगों को निशाना बनाने या उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया।

कंपनी की कॉरपोरेट वेबसाइट पर एक ब्लॉग में यह दावा किया गया। कंपनी ने कहा कि उसने इजराइली सेना को सॉफ्टवेयर, पेशेवर सेवाएं, एज्योर क्लाउड स्टोरेज और भाषा अनुवाद सहित एज्योर एआई सेवाएं दीं।

## भारत का ब्राजील में ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में समावेशी ऊर्जा प्रबंधन का आह्वान

केंद्रीय बिजली और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने 19 मई 2025 को ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रासीलिया में आयोजित ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। केंद्रीय मंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया तथा आर्थिक स्थिरता और स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने टिकाऊ और समावेशी ऊर्जा भविष्य के निर्माण के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की और 'अधिक समावेशी और टिकाऊ प्रबंधन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना' विषय के तहत ब्राजील के नेतृत्व की सराहना की।



### ऊर्जा दक्षता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता

केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने जैव ईंधन क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की भूमिका पर भी जोर दिया और ऊर्जा संरक्षण सतत भवन संहिता, छत सौर पहल और कुशल उपकरण मानकों जैसे अभिनव कार्यक्रमों के जरिए ऊर्जा दक्षता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

### भारत की प्रमुख उपलब्धियां

- विद्युत क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, वर्ष 2025 तक 475 गीगावॉट तक पहुंचना तथा 2032 तक 900 गीगावॉट तक पहुंचने का लक्ष्य।
- सौर और पवन ऊर्जा का विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बनना।
- राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना।
- 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण की उपलब्धि हासिल करना, जैव ईंधन अपनाकर और उत्सर्जन में कमी लाना।
- स्मार्ट ग्रिड, उन्नत मीटरिंग अवसंरचना तथा ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर सहित विस्तारित ट्रांसमिशन नेटवर्क में निवेश करना।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।